तापमान

अधिकतम 36.5 डिग्री

न्यूनतम 18.8 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, बुधवार 25 मार्च 2026



14 40 शौचालय चलाने का काम दो समूहों को दिए ...




15 याद किया भक्तमाता कर्मा को, मातृ शक्तियों ...





## नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है।

■ कई पार्षदों ने टूर पर जाने से किया मना, कहा कई मुद्दों पर चुप रहने का दिया जा रहा है प्रतिसाद, भाजपा पार्षदों ने कहा वो जा रहे अपने खर्च से

■ गरमाते मुद्दे के बीच महापौर ने कहा-उनके कार्यकाल का अंतिम बजट इसलिए गोवा में किया जा रहा फेयरवेल

# बजट के बाद भिलाई निगम के पार्षद करेंगे हवाई जहाज और क्रूज से गोवा की सैर, विपक्ष ने इसे बताया प्रलोभन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

*भिलाई नगर निगम बजट से पहले ही सभी पार्षदों के गोवा टूर पर जाने को लेकर सुर्खियों पर आ गया है। 25 मार्च को बजट और 27 व 28 मार्च को कई अहम मुद्दों पर सदन में बहस होने के बाद 29 मार्च को निगम के बड़ी संख्या में पार्षद रायपुर से फ्लाइट में सवार होकर गोवा जा रहे हैं। इसको लेकर महापौर के एक मंत्री ने सभी पार्षदों से संपर्क किया है और गोवा चलने का प्रस्ताव रखा है। इसमें कुछ पार्षदों ने टूर पर जाने से साफ मना कर दिया है। उनका कहना है कि यह महापौर द्वारा बजट और कई अहम मुद्दों पर चुप रहने के लिए प्रलोभन दिया जा रहा है। इसलिए वो इस तरह के किसी टूर पर नहीं जा रहे हैं।*

भिलाई नगर निगम का वर्ष 2026-27 का करीब 800 करोड़ रुपए का बजट महापौर परिषद (एमआईसी) की बैठक में पेश किया गया। आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने एमआईसी सदस्यों के सामने बजट प्रस्तुत किया। इसके बाद 24 मार्च को महापौर परिषद की फिर से बजट से पहले एक बैठक बुलाई गई और 25 मार्च बुधवार को महापौर अपने कार्यकाल का अंतिम बजट पेश करेंगे।

इस बजट के बाद 27 व 28 मार्च को सफाई ठेका सहित शहर के अन्य विकास के अहम मुद्दों पर निगम के पार्षद बहस कर अपना अपना पक्ष रखेंगे, जिसके बाद कई विकास कार्यों को मंजूरी दी जाएगी। इस दौरान किसी भी मुद्दे पर पार्षद आपत्ति ना दर्ज करें और विकास कार्य के आवंटन पर कोई बाधा ना आए इसको लेकर महापौर नीरज पाल ने सभी पार्षदों को अपने कार्यालय में बुलाकर बातचीत की और उनकी सहमति मांगी। इसके बाद अब इस बात की निगम में चर्चा है कि महापौर और उनके मंत्री लालचंद वर्मा ने सभी पार्षदों से गोवा टूर में जाने की सहमति मांगी हैं। उन्होंने कहा है कि महापौर के कार्यकाल का ये अंतिम बजट था, इसलिए वो सभी पार्षदों को गोवा लेकर जाने की तैयारी में हैं। वहां अब तक के उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं।

### बजट के तुरंत बाद इस तरह टूर को बताया जा रहा प्रलोभन



निर्दलीय पार्षद हरिओम तिवारी से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उनके पास एमआईसी लालचंद वर्मा का फोन आया था। उन्होंने गोवा टूर पर जाने की बात कही। उन्हें महापौर कार्यालय में भी इसके लिए बोला गया कि 29 को रायपुर से फ्लाईट में गोवा जाना है। वहां तीन दिन इंजॉय करने के बाद क्रूज से मुंबई और फिर रायपुर वापस आना है। हरिओम तिवारी का कहना है कि उन्होंने टूर पर जाने के लिए साफ मना किया है। क्योंकि यह एक तरह का पार्षदों को दिया जाने वाला प्रलोभन है, जिससे 27,28 मार्च को अहम मुद्दों पर बहस के दौरान कोई भी पार्षद विरोध में ना बोल पाए।






### 5 साल शहर को लूटने के बाद अब महापौर लूट रहे वाहवाही

भिलाई निगम के नेता प्रतिपक्ष भोजराज भोजू का कहना है कि वो उनके भाजपा पार्षद शहर सरकार के इस तरह के किसी भी प्रपोगंगा में साथ नहीं हैं।महापौर नीरज पाल ने पांच साल तक शहर को लूटा है। अब अंत में वो अपनी वाहवाही लूटने के लिए पार्षदों को गोवा लेजाकर प्रलोभन देने का काम कर रहे हैं। कभी वो भिलाई बचाव, भिलाई बचाव का नारा लगाते हैं तो कभी पार्षदों को गोवा ट्रिप लेजाकर झूठी वाहवाही लूटते हैं। भारतीय जनता पार्टी का कोई भी सिपाही उनके इस गलत कार्य में साथ नहीं है।

### भाजपा के 18 पार्षद जा रहे हैं गोवा टूर पर



भाजपा पार्षद पीयूष मिश्रा ने बताया कि बजट के बाद भाजपा के 18 पार्षद गोवा टूर पर जा रहे हैं। महापौर के टूर से उनका कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने इससे पहले पुरी टूर बनाया था, इसके लिए उन्होंने 50 हजार, नेता प्रतिपक्ष भोजराज भोजू ने 50 हजार. उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह और पार्षद विनोद सिंह ने अपने पास से सहयोग राशि दी थी। वो टूर किसी कारण से कैंसल हो गया था, तो अब उन्होंने गोवा टूर जाने का फैसला लिया है।

### सफाई ठेका और पेवर ब्लॉक घोटाला जैसे मुद्दे पर जुटाई जा रही सहमति

कुछ भाजपा पार्षद और कांग्रेस व निर्दलीय पार्षदों ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया है कि भिलाई निगम में सफाई ठेका हर और पेवर ब्लॉक पर जमकर घोटाला हुआ है। जनता का पैसा मनमाने तरीके से खाया गया है। इसको लेकर भाजपा और कांग्रेस पार्षदों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर भी आयुक्त और अन्य पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। इसी मुद्दे पर सहमति लेने और मनमाने दर पर सफाई ठेका दिए जाने को लेकर यह प्रलोभन पार्षदों को दिया जा रहा है।

### गोवा टूर के नाम पर अधिकारियों और ठेकेदारों से भी वसूली

कुछ पार्षद ऐसा आरोप लग रहे हैं कि गोवा टूर के लिए लगभग 20-25 लाख रुपए का कलेक्शन किया गया है। इस कलेक्शन में निगम के अधिकारियों से लेकर कई ठेकेदारों का भी सहयोग है। जोन कार्यालय से भी कलेक्शन पहुंचा है। हालांकि जब इस बारे में कुछ अधिकारियों और ठेकेदारों से बात की गई तो उन्होंने इस तरहा कोई भी चंदा या सहयोग देने की बात से साफ मना कर दिया।

### मेरे अंतिम कार्यकाल का फेयरवेल



मेरे कार्यकाल का यह अखिरी बजट और आखिरी सामान्य सभा है। इसके बाद 4 महीने का समय बचेगा, जिसमें सभी पार्षद अपने अगले चुनाव की तैयारी में लग जाएंगे। इसलिए एक फेयरवेल प्रोग्राम करना था। पहले यह दूसरी जगह था, लेकिन फिर यह तय हुआ कि गोवा ट्रिप करके वहीं प्रोग्राम करेंगे। इसके लिए सभी पार्षदों से राय ली जा रही है कि कौन जाना चाहेगा कौन नहीं। प्रलोभन, कलेक्शन और क्रूज पर जाने जैसे सभी आरोप पूरी तरह से गलत हैं। **-नीरज पाल,** महापौर, नपानि भिलाई

चोरी के जेवरात को रखा गिरवी

## मकान से लाखों रुपए के जेवरात पार करने वाली महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



मकान से महिला ने भारी मात्रा में सोने के जेवरात चोरी किया था। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि माह जनवरी में एम. नचैय्या ने मकान में चोरी होने की शिकायत पुलिस में दर्ज कराया था।

मकान से 60 तोला सोने के जेवरात पार हो गया था। जांच में पुलिस को पता चला कि सड़क 11, सेक्टर 2, मकान नंबर 9/ए निवासी एम. श्यामला पर संदेह जताकर उसे हिरासत में लिया गया। पुलिस पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि चोरी किए गए आभूषणों में से कुछ को आईआईएफएल फाइनेंस पावर हाउस भिलाई में गिरवी रखी है। कुछ जेवरता उसके पास होने की जानकारी दी। पहले आरोपी के पास से 70 ग्राम सोने के जेवरात 12 लाख रुपए का जब्त किया था। 23 मार्च को उक्त फाइनेंस कंपनी से 443 ग्राम सोने के जेवरात 62 लाख रुपए का बरामद किया है। मामले में अब तक कुल 513 ग्राम सोने के जेवरात मिले है। जिसकी कीमत करीब 74 लाख रुपए आंकी गई है।

## शराब पीने रुपए नहीं मिलने पर मकान में लगाई आग, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने पर मकान में आग लगाने का मामला सामने आया है। घटना में करीब 2.50 लाख रुपए का सामान जलकर खाक हो गया है। शिकायत के बाद जामुल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि ग्राम खेरधा निवासी मीना धृतलहरे के मकान में रात बेटा पुनित धृतलहरे शराब पीने के लिए रुपए मांग रहा था। रुपए देने से इंकार करने पर आरोपी पुनित धृतलहरे ने मकान में पहले आग लगाने की धमकी दी। नहीं देने पर सिगड़ी में कपड़ा जलाकर आग लगा दिया। देखते ही देते मकान में आग लग गया। महिला की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी पुनित को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर शराब के लिए रुपए नहीं देने पर मकान में आग लगाना स्वीकार किया। कार्रवाई में जामुल थाना प्रभारी रामेन्द्र सिंह समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

## खबर संक्षेप

### दो दिन नहीं बिकेगा मांस-मटन

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन के पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग के आदेशानुसार नगर पालिक निगम भिलाई, दुर्ग, भिलाई-चरोदा सहित अन्य निकायों की सीमा के अंतर्गत संचालित पशुवध गृह एवं समस्त मांस विक्रय की दुकानें 26 मार्च गुरूवार को रामनवमी एवं 31 मार्च मंगलवार को महावीर जयंती पर्व के अवसर पर बंद रखी जाएगी। समस्त मांस मटन विक्रेता शासन के इस आदेश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करने कहा गया है।

### मकान का ताला तोड़कर लैपटॉप पार, गिरफ्तार

**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर लैपटाप पार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर युवक सिविक सेंटर कार पार्किंग में लैपटॉप बेचने की फिराक में घूम रहा था। पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया। आरोपी के पास से एक लैपटॉप एवं चार्जर जब्त किया गया। जिसकी कीमत 67 हजार 500 रुपए आंकी गई है। आरोपी का नाम क्वार्टर नं. 9/इ एचएससीएल कॉलोनी रुआबांधा भिलाई निवासी कुनाल ध्रुवे को गिरफ्तार किया गया है।



## कार को धक्का देने को लेकर विवाद में हत्या, आरोपियों को 10 साल कैद

न्यायालय ने सुनाया फैसला




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

वैशालीनगर थाना अंतर्गत भगत सिंह चौक हैप्पी पब्लिक स्कूल के पास हुई हत्या के एक मामले में कोर्ट ने इसे गैर इरातन मानते हुए आरोपियों को धारा 304(2) के तहत 10-10 साल कैद की सजा सुनाई। आरोपियों पर 500-500 रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया। राशि अदा नहीं करने पर उन्हें 6-6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। न्यायाधीश दीपक कुमार कोशले के न्यायालय से यह फैसला आया।

प्रकरण के मुताबिक घटना 20 सितंबर 2022 की घटना है। मृतक अब्दुल गयासु अपने दोस्त अजय भदौरिया के साथ खाना खाने निकला था। उसके साथ कार सीजी 17 सी 3529 में पंकज लावात्रे, भूपेश देवदास, ब्रिजेश उर्फ बिज्जू, हरीश धृतलहरे, समीर खान सवार थे। रास्ते में कार अचानक बंद पड़ गई। कार में धक्का लगाने को लेकर अब्दुल के साथ आरोपियों का विवाद हो गया। बात हाथापाई तक पहुंच गई।

घटना में अब्दुल गयासु की मौत हो गई। मामले में उसके भाई रज्जा कुरैशी की शिकायत पर वैशालीनगर पुलिस ने आरोपियों पर धारा 302, 34 के तहत अपराध दर्ज किया। प्रकरण विचारण के लिए कोर्ट में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने माना कि आरोपियों का इरादा मृतक की हत्या करना नहीं था। न ही ऐसे कोई साक्ष्य मिले हैं। इस आधार पर आरोपियों को धारा 304(2) का दोषी माना गया। मामले में शासन के तरफ से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक नंदिनी चंद्रवंशी ने की।

## सटोरिया से 8 हजार कैश और मोबाइल जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सट्टा पट्टी लिखते पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर 5 क्रॉस स्ट्रीट 4 के सामने मंच के पास अवैध रूप से सट्टा पट्टी लिखने की शिकायत मिली थी। भिलाई नगर की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दबिश दिया गया। जहां से सेक्टर-05 क्रॉस स्ट्रीट-4, भिलाई निवासी कुरुक्षेत्र नायक को पकड़ गया। युवक के पास से पुलिस ने मोबाइल डॉट पेन और नगदी 8,560 रुपए जब्त किया। युवक से पुलिस ने पूछताछ किया तो उसने स्वीकार किया कि अवैध आर्थिक लाभ अर्जित करने हेतु सट्टा संचालन करता था। सटोरिया के खिलाफ पुलिस ने धारा 6 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022, धारा 112 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।










## खबर संक्षेप



### गुहा निषाद राज की जयंती मनाई गई

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ निषाद केंवट समाज दुर्ग जिला संगठन पुलगांव कार्यालय में विधि विधान तथा धूमधाम से चैत्र शुक्ल पंचमी के अवसर पर भगवान श्री राम के मित्र सखा गुहा निषाद राज जन्म उत्सव जयंती मनाईं गई। जयंती के अवसर पर पूजा-अर्चना यज्ञ अनुष्ठान महाप्रसादी वितरण किया गया। भगवान श्रीराम के सखा और श्रृंगवेरपुर के राजा गुहा निषाद राज की जयंती पर देश के विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाई गई। यह आयोजन महिला एवं युवा प्रकोष्ठ द्वारा कराई गई। राम रतन, विनायक एवं राष्ट्रीय संगठन महामंत्री कोमल देव निषाद व दुर्ग जिला संगठन का योगदान रहा। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोषी निषाद, जिला एवं प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष बीरेंद्र कुमार निषाद, उपाध्यक्ष भीम सिंह निषाद, कोषाध्यक्ष विनोद निषाद, महिला उपाध्यक्ष धनवंती निषाद, हेमवती निषाद, दुर्ग शहर अध्यक्ष विष्णु निषाद कौशल निषाद, रिवागहन सरपंच माधुरी नरोत्तम निषाद, नीलकमल निषाद, प्रमोद निषाद आदि उपस्थित रहे।

### तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकराई, दो गंभीर

**भिलाई।** तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सेंट्रल एवेन्यू रोड टाउनशिप की है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि बाइक सीजी 04 पीयू 4278 में सवार होकर दिव्य कुमार और अक्षत चंद्राकर कहीं जा रहे थे। पुलिस और एंबुलेंस ने दोनों को सेक्टर-9 अस्पताल उपचार के लिए पहुंचाया। डॉक्टरों के मुताबिक घायलों की स्थिति काफी गंभीर है। बाइक चालक सेक्टर तीन का रहने वाला है, जो 10वीं का कक्षा छात्र है। उसके पिता सीआईएसएफ के जवान है।



# सेल को जल्द मिलेगा अपना मुखिया, एक्सपांशन प्रोजेक्ट में आएगी तेजी

## दिल्ली में 28 को साक्षात्कार, 10 अफसर दौड़ में शामिल, एक बीएसपी में रहे 25 साल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड ( सेल ) को अब जल्द ही अपना नया मुखिया मिल जाएगा। सेल चेयरमेन के चयन के लिए प्रक्रिया तेज हो गई है। में भिलाई इस्पात संयंत्र में 25 साल तक प्रबंधकीय सेवाएं देने वाले एक वरिष्ठ डायरेक्टर सहित दस दावेदार दौड़ में शामिल हैं। नए चेयमेन की नियुक्ति हो जाने से सेल के लंबित विस्तारीकरण परियोजना में तेज आने के आसार हैं।

गौरतलब हो कि पखवाड़ेभर पूर्व अचानक सेल चेयरमेन अमरेंदु प्रकाश के इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से यह पद खाली है और सेल के डायरेक्टर एके पंडाल कार्यवाहक सेल चेयरमेन के रुप में चेयरमेन की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। अमरेंदु प्रकाश के त्यागपत्र स्वीकार होने और विदायी के बाद नए सेल चेयरमेन के चयन की प्रक्रिया शुरु हो गई है और इसके लिए इंटरव्यू 28 मार्च को दिल्ली में होगा। इस अहम पद के लिए विभिन्न उपक्रमों के दस अधिकारी दावेदार हैं। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक इटरव्यू आनलाइन होगा। परिणाम बाद पब्लिक इंटप्राइजेस कमेटी (लोक उद्यम समिति) की स्वीकृति के उपरांत नाम को इस्पात मंत्रालय भेजेगी जहां औपचारिक मंजूरी के बाद सेल के नए चेयरमेने पदभार ग्रहण करेंगे।



### अभ्यर्थियों में 6 सेल और 4 अन्य उपक्रमों के शामिल

सेल चेयरमेन पद के लिए इस बार इस्पात क्षेत्र के अफसरों के साथ पहली बार रेलवे के अफसर भी दावेदार हैं। 10 अभ्यर्थियों में 6 अधिकारी सेल के और 4 अन्य उपक्रमों के हैं। दावेदारों में सेल के डायरेक्टर फायनेंस एके पंडा, डायरेक्टर मनीष राज गुप्ता माइनिंग, राउरकेला स्टील प्लांट के डायरेक्टर इंचार्ज आलोक वर्मा, बोकारो स्टील प्लांट के अधिशासी निदेशक परियोजना अनीष दासगुप्ता, सेल माइंस ग्रुप के एमपी सिंह और विपिन कुमार गिरी शामिल हैं। रेल से जुड़े साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे के मुख्य सुरक्षा अधिकारी अनूप कुमार सतपथी, मुख्य प्रशासनिक अफसर डां.पुरी हरिप्रसाद भी दावेदार हैं। इस बार विशेष यह है कि रेलवे से जुड़े दावेदारों में एक वरिष्ठ अधिकारी राईट्स लिमिटेड वित्त के केजी गोपाल भिलाई इस्पात संयंत्र में 25 साल तक प्रबंधकीय सेवाएं दे चुके हैं। यदि वे सेल चेयरमेन बनते हैं तो सेल के लंबित विस्तारीकरण परियोजनाओं में तेजी आने के साथ बीएसपी के एक्सपांशन प्रोजेक्ट व नई रेल मिल के निर्माण कार्य के भी जल्द शुरु होने की संभावना है।

## सामुदायिक शौचालयों की देखरेख के लिए कार्य एजेंसी तय लेकिन निगम करा रहा मेंटेनेंस

# 40 शौचालय चलाने का काम दो समूहों को दिए जाने को लेकर गठित 5 सदस्यीय टीम ने नहीं शुरू की जांच

## समिति के सदस्यों को अब तक नहीं मिला आदेश, 17 मार्च को गठित हुई थी कमेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

17 मार्च की सामान्य सभा बैठक में 40 सामुदायिक शौचालयों के संचालन का काम दो समूहों को दिए जाने को लेकर उपजे विवाद के बाद भी अब तक मामले में किसी भी प्रकार की जांच आगे नहीं बढ़ पाई है। इस मामले में हंगामे को देखते हुए सभापति श्याम शर्मा ने पांच सदस्यीय जांच दल का गठन किया था। इसमें एमआईसी मेंबर काशीराम कोसरे, निलेश अग्रवाल, कुलेश्वर साहू, संजय अग्रवाल, शिव नायक को सदस्य बनाया गया था।

इस निर्णय के करीब 8 दिन बाद भी जांच दल को आदेश तक नहीं मिल पाया है। इसकी वजह से समान्य सभा द्वारा गठित टीम इस मामले में जांच ही शुरू नहीं कर पाई है। बता दें कि इस मामले में भाजपा समर्थित पार्षद ही समान्य सभा में विपक्ष की भूमिका में नजर आए थे। उन्होंने खुलकर शहर सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए थे। उनका आरोप था कि दो समूहों को जानबूझकर काम दिया जा रहा है, जबकि पहले हर शौचालय के लिए एक अलग एजेंसी काम करती थी।

निगम ने इन शौचालयों के संचालन के लिए प्रति शौचालय के हिसाब से 15 हजार की राशि निर्धारित की है। इसके आधार पर 22 और 18 दो ग्रुप में इन शौचालय के संचालन के लिए कार्य एजेंसी तय की गई है। इस मामले में निगम पहले ही पक्ष रख चुका है कि शासन के निर्देश पर यूआईडी के माध्यम से पूरी पारदर्शिता बरतते हुए यह निविदा प्रक्रिया की गई है, लेकिन विपक्ष इस पूरे मामले में अनियमितता का आरोप लगाते रहा है।






### केयर टेकर रखने के अलावा नियमित करनी है सफाई

निगम के 60 वार्डों में इस समय 40 सामुदायिक शौचालय हैं। इसके अलावा 15 इंटरनेशनल शौचालय हैं, जिसका संचालन और देखरेख अलग एजेंसियों के माध्यम से कराया जा रहा है। इस सुलभ में 1 रुपए से 5 रुपए तक चार्ज वसूला जाता है। सामुदायिक शौचालयों के मामले में सभी पूरी तरह से निशुल्क है। इसके संचालन के लिए एक केयर टेकर और नियमित सफाई के लिए कार्य एजेंसी तय की गई है। दो समूहों को ही काम दिया जा रहा है। इसे लेकर कांग्रेसी पार्षद, निर्दलीय और बीजेपी के कुछ पार्षदों द्वारा विरोध दर्ज कराया गया है।

### सामुदायिक शौचालय अब केयर टेकर के भरोसे, सीवरेज टैंक का कराया मेंटेनेंस

निगम ने इन शौचालयों का मेंटेनेंस शुरू कराया है। पूर्व में जिन एजेंसियों द्वारा इन शौचालयों का मेंटेनेंस किया था, उनकी जमा राशि से ही यह कार्य कराया जा रहा है।स्वच्छता श्रृंगार योजना के तहत विधिवत प्रक्रिया पूरी कर स्व-सहायता समूहों को संचालन एवं रख-रखाव के लिए सौंपा गया है। पुराने और जर्जर शौचालयों की स्थिति को सुधारने के लिए व्यापक स्तर पर मरम्मत कराया जा रहा है। कई शौचालयों में दरवाजों का परिवर्तन, टूटी सीटों की मरम्मत तथा पुराने सीवरेज टैंकों का पुनः संधारण किया जा रहा है। बोर की सफाई एवं खराब पंपों को बदलने का कार्य किया जा रहा है, ताकि शौचालयों में पानी की उपलब्धता सुचारु बनी रहे। जानकारी के मुताबिक वार्ड 53 एवं 54 में नए सेप्टिक टैंक, दरवाजे, लाइट और अन्य आवश्यक फिटिंग कार्य किए जा रहे हैं। वार्ड 34, 19 एवं 22 में भी संधारण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

#### कराया जाता है मेंटेनेंस

समय-समय पर सामुदायिक शौचालयों का मेंटेनेंस कराया जाता है। वर्तमान समय में जरूरत को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। जल्द ही काम पूरा हो जाएगा, इसके बाद निर्धारित एजेंसियों देखरेख करेंगी।
**दुर्गेश गुप्ता,** प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम दुर्ग

#### निगम स्वायत्तशासी संस्था

शासन ने शौचालयों को लेकर नियम तय किए हैं, लेकिन निगम स्वायत्तशासी संस्था है। वह इस विषय पर खुद निर्णय ले सकती है। अब तक एक-एक समूहों को अलग-अलग काम मिलता था। इससे रोजगार के अवसर बनते थे।
**-संजय कोहले,** नेता प्रतिपक्ष नगर निगम दुर्ग

#### अब तक नहीं मिला आदेश

समान्य सभा में समिति का गठन किया गया था, लेकिन अब तक आदेश ही नहीं मिला है। सचिवालय से संपर्क भी किया गया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। एक बार पुनः सभापति को अवगत कराया जाएगा।
**-कुलेश्वर साहू,** पार्षद निगम निगम दुर्ग

## शहीदों की याद में बीजेपी युवा मोर्चा ने निकाली मशाल रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहीद दिवस बीजेपी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने मशाली रैली निकाली। प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया ने कहा कि शहीद भगत सिंह केवल एक नाम नहीं, उनका साहस, देशभक्ति और त्याग हमें सिखाता है कि जब बात राष्ट्र की हो, तो व्यक्तिगत स्वार्थों का कोई महत्व नहीं होता। अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के मार्गदर्शन में भाजयुमो के जिला अध्यक्ष हिमांशु सिंह के नेतृत्व में यह रैली निकाली गई।

रैली पटेल चौक से प्रारंभ हुई। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, दिलीप साहू, शिवेंद्र परिहार, मनोज सोनी, राजीव पांडेय, महामंत्री अनिकेत यादव, आरुणि दानी उपस्थित थे। रैली शहर के मुख्य मार्ग पुराना बस स्टैंड, इंदिरा मार्केट, फरिश्ता कंपलेक्स, पोलसाय पारा चौक, श्रीशिवम मॉल के सामने से होते हुए अग्रसेन चौक, शहीद चौक में पहुंचकर आम सभा के पश्चात संपन्न हुई। वरिष्ठ भाजपा नेता शिवेंद्र परिहार ने कहा कि आज ही के दिन वर्ष 1931 में भारत मां के वीर सपूत भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को अंग्रेजी हुकूमत ने फांसी दे दी थी। इन वीरों ने हंसते-हंसते अपने प्राणों की आहुति दे दी, लेकिन देश की आज़ादी के सपने को झुकने नहीं दिया। आयोजित मशाल रैली में नीलेश अग्रवाल, नितेश साहू, अरुण सिंह, रितेश शर्मा, आसिफ अली, कुमुद बघेल, रजनीश श्रीवास्तव, जयश्री राजपूत, तृप्ति चंद्राकर, तेखन सिन्हा, रोहित राजपूत सहित अन्य भी मौजूद थे।

# दुर्घटना में श्रमिक की मौत, इंटक ने चर्चा कर परिवार को दिलाई सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत एक ठेका श्रमिक की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। बीएसपी के आरईडी विभाग में एसआरयू के तहत कार्यरत कुशल श्रमिक गोमती प्रसाद साहनी (उम्र 55 वर्ष), निवासी खुर्सीपार सोमवार को शाम 7:45 बजे रोलिंग मिल गेट से संयंत्र में प्रवेश कर अपने कार्यस्थल की ओर जा रहा था ।

इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से वे गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पहले पहले मेन मेडिकल में उपचार दिया गया । हालत गंभीर होने पर सेक्टर-9 अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। रात 11 बजे उसकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद स्टील ठेका श्रमिक यूनियन (इंटक) की पहल पर प्रबंधन व संबंधित ठेका कंपनी द्वारा मृतक के परिवार को तत्काल सहायता प्रदान की गई। यूनियन से चर्चा बाद पेटी ठेकेदार आरके एंटरप्राइजेज द्वारा अंतिम संस्कार के लिए मृतक के परिवार को 2,62,000 की सहायता राशि दी गई और मृतक की पत्नी को कंपनी में नौकरी देने का आश्वासन बच्चों की पढ़ाई का खर्च कॉलेज स्तर तक वहन किया जाएगा। ईसआई के तहत मृतक श्रमिक के परिवार को 10 लाख का दुर्घटना बीमा प्रदान किया जाएगा। इस दौरान यूनियन के पदाधिकारी संजय कुमार साहू, सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंह, सार्वा आर., दिनेश एवं गुरुदेव साहू उपस्थित थे।

# टीबी मरीजों को किया फूड बॉस्केट किट का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग डॉ. मनोज दानी के निर्देशन में लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय सुपेला भिलाई में वैशाली नगर विधान सभा के विधायक रिकेश सेन के द्वारा निश्चय निरामय 100 दिवसीय, विश्व क्षय रोग दिवस के कार्यक्रम को विधिवत शुभारंभ किया गया। टीबी मरीजों को फूड बॉस्केट किट वितरण किया गया। एरिया कोर्डिनेटर, मितानिन ट्रैनर एवं मितानिनों को घर-घर सर्वे पपत्र वितरण किया। शत-प्रतिशत घरों में सर्वे पूर्ण करने की निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में सिविल सर्जन दुर्ग डॉ. आशिषन मिंज, प्रभारी लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय सुपेला डॉ. पीयम सिंह, डॉ. मंजू राठौर, डॉ. बी वाहने, डॉ. बबिता सक्सेना, डॉ. अंजलि सिंह, डॉ. प्रियंका पाटले, बीईटीओ हितेंद्र कोसरे, बीईटीओ राजेंद्र दाहरे रिसाली, समस्त एरिया कोर्डिनेटर भिलाई, समस्त मितानिन ट्रैनर, शशि कुर्रे, अतिरंजना मेश्राम, कीर्ति साहू, डोली साहू, मुकुंद जंघेल, नन्द कुमार, सीमा निर्मलकर, टीबी विभाग से मिलिंद पाटिल, भूषण साहू, दीपक यादव, कविता ताम्रकार, सुधेश बाबर, भाग्यलक्मी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी आदि उपस्थित थे।



# पेवर ब्लॉक, रोड, तालाब और नहर सफाई का आयुक्त ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन-2 वैशाली नगर क्षेत्र में पेवर ब्लाक, प्रस्तावित रोड स्थल, तालाब एवं नहर सफाई कार्यो का निरीक्षण किया। उपस्थित अधिकारियों को तालाब एवं नहर की साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर कराने निर्देश दिए।

निगम आयुक्त द्वारा वैशाली नगर कालेज के सामने लगे पेवर ब्लाक का निरीक्षण किया गया। सौंदर्यीकरण को दृष्टिगत करते हुए पूर्व में पेवर ब्लाक लगाया गया था, पेवर ब्लाक पुराना होने के कारण बीच-बीच से उखड़ गया है, जिसका जल्द ही संधारण कराने निर्देशित किये है। नागरिकों की सुविधा एवं आवागमन को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए बाबादीप सिंह नगर में रोड निर्माण किया जाना है। इस प्रस्तावित रोड निर्माण स्थल का अवलोकन आयुक्त द्वारा किया गया है। वार्ड 22 घासीदास नगर में शिव शक्ति तालाब एवं नहर को साफ-सफाई कार्य कराया जा रहा है, जिसका अवलोकन निगम आयुक्त द्वारा किया गया। सफाई कार्य को प्राथमिकता देते हुए और बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराने कहा गया है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता श्वेता वर्मा, सहायक राजस्व अधिकारी प्रशन्न तिवारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर सहानी, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह, जोनल सुपरवाइजर एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



## 23 परियोजनाओं के लिए राशि स्वीकृत, 122 परियोजनाएं हुईं पूरी

# 16.14 करोड़ से बदली भिलाई-चरोदा की तस्वीर, पीएचसी में लगेगी जांच मशीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- **अहिवारा विस क्षेत्र में दो साल में हुए कामों का रखा ब्यौरा**

अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने अपने दो साल के कार्यकाल में क्षेत्र के ढांचागत विकास के साथ ही नहीं परियोजनाओं पर भी काम किया है। अकेले भिलाई चरोदा निगम क्षेत्र में ही उनकी पहल पर अधो संरचना मद के तहत 2024-25 एवं 2025-26 में 16 करोड़ 14 लाख 68 हजार रुपये की राशि में 122 परियोजनाएं पूरी की।

विधायक निधि के अंतर्गत भी 29 लाख 68 हजार रुपये की दो परियोजनाएं भी इस दौरान संपन्न हुई हैं। विधायक निधि से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 में रक्त जांच के लिए 15 लाख की नई मशीन लगाने की तैयारी है। अहिवारा विधानसभा से विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू ने बताया कि भिलाई-चरोदा नगर निगम क्षेत्र में 1 जनवरी 2024 से दिसंबर 2025 तक विभिन्न विकास कार्यों के लिए कुल 61 करोड़ 28 लाख 88 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इन कार्यों में सौर ऊर्जा योजना, मंडी बोर्ड परियोजनाएं, विधायक निधि, वित्त आयोग की राज्य प्रवृत्ति योजनाएं, आपात निधि, नगर उत्थान मद समेत कई अन्य परियोजनाएं शामिल हैं। कुल मिलाकर लगभग 23 परियोजनाओं के लिए धनराशि स्वीकृत की गई है। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि दिलीप पटेल, चरोदा मंडल भाजपा अध्यक्ष ए गौरी शंकर, सीनियर पार्षद फिरोज फारुखी, नेता प्रतिपक्ष राम खिलावन वर्मा, मुकेश अग्रवाल, नारायण राव, परमजीत सिंह मौजूद थे।



### पेयजल योजना को लेकर राशि भी स्वीकृत, जल्द शुरू होगा काम

विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू ने बताया कि केंद्र एवं राज्य स्तर पर स्वीकृत परियोजनाओं में 14वें वित्त आयोग के तहत 2024 में 10 कार्यों के लिए 1 करोड़ 76 लाख 79 हजार रुपये स्वीकृत किए गए थे। वहीं, 15वें वित्त आयोग के तहत 2024 से अक्टूबर 2025 तक 111 कार्यों के लिए 24 करोड़ 68 लाख 39 हजार रुपए के विकास कार्य कराए गए। जिनसे क्षेत्र के विकास को नया आयाम मिला है। सतीश साहू ने बताया कि विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने निगम प्रशासन के साथ मिलकर इन परियोजनाओं में गहनता से काम किया है। उन्होंने यह भी कहा कि वृहद जल योजना में आ रही समस्याओं के निदान के लिए आवश्यक राशि स्वीकृत की गई है।

# साइंस कॉलेज ने पार्किंग की जगह दूसरे को दी, एनएसयूआई ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रदेश के एकमात्र ए प्लस शासकीय महाविद्यालय साइंस कॉलेज में पार्किंग की जमीन को अन्य विभाग को आवंटित किया गया है। इसे लेकर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने विरोध शुरू कर दिया है। संगठन के कार्यकर्ताओं ने दो दिन का उपवास रखकर विरोध दर्ज कराया। छात्रो की मांग है कॉलेज पार्किंग को कॉलेज को वापस सौंप दिया जाए। साथ ही कॉलेज का एकमात्र ग्राउंड जो की फुटबॉल ग्राउंड बनाया जा रहा है, जिससे एनसीसी का कैंप एवं भर्ती प्रक्रिया अन्य महाविद्यालय के खेल का आयोजन किया जाता था तथा अन्य खेल जैसे की क्रिकेट, गोला फेक, जैवलिन थ्रो सहित अन्य खेल का आयोजन नहीं हो पाएगा। इस मुद्दे को लेकर कलेक्टर एवं प्राचार्य को पहले ही ज्ञापन सौंपा चुका है। उपवास के दौरान पूर्व महापौर एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, गुरदीप भाटिया, अभिषेक बोरकर, सोनू साहू, उस्मान रजा सहित अन्य भी पहुंचे। जमीन को लेकर एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव आदित्य नारंग के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया गया।



## खबर संक्षेप

### ननकट्टी में चैत्र नवरात्रि पर मनोकामना ज्योति जलाई

**ननकट्टी।** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर ग्राम ननकठठी के मां महामाया मंदिर में 124, मां शीतला



मंदिर में 65, मां चंडिका मंदिर में 38 , मां दुर्गा मंदिर बजरंग नगर में 4 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित है। मंदिरों में भक्ति और आस्था का संगम देखते ही बन रहा है। मंदिरों में 26 मार्च को महाअष्टमी एवं 27 मार्च को महानवमी के दिन विसर्जन कार्यक्रम संपन्न होगा।

### ओटेबंद बगीचा में 84 ज्योति कलश स्थापित



**अंडा।** ओटेबंद चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर ग्राम ओटेबंद स्थित श्री विष्णु धाम महायज्ञ मंदिर में भक्तिमय माहौल के बीच 84 ज्योति कलश की स्थापना की गई है। श्रद्धालु माता की आराधना कर सुख-समृद्धि और शांति की कामना कर रहे हैं। इस धार्मिक आयोजन में पंडा शोभाराम साहू की विशेष भूमिका रही। साथ ही पुजारी पं. शिवम महाराज, रामायण महाराज और विनोद महाराज द्वारा विधि-विधान से पूजा संपन्न कराई जा रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोगी के रूप में रोहित चंद्राकर, शिव यादव, भूपेंद्र चंद्राकर, जगदीश यादव और होरी लाल साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### धनोरा में सूफी गायक ने बांधा समां



**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में डॉ. सुरेश ठाकुर अंतरराष्ट्रीय सूफी भजन गायक ने अपनी मंडली के साथ भजन कीर्तन प्रस्तुति दी। भजन सुनकर सभी भक्त भाव विभोर हो गए। सोमवार 23 मार्च को दरबार में पंचमी कलश चढ़ावा का कार्यक्रम किया गया। मंगलवार को रात्रि 8 बजे से सैलेन्दीरी पटेल सेवा भजन मंडली सिवनी मोवा रायपुर महिला मंडली का कार्यक्रम हुआ। गुरुवार 25 मार्च को शाम 4 बजे से महाअष्टमी हवन कार्यक्रम होगा। वहीं शुक्रवार 26 मार्च को शाम 4 बजे से ज्योति विसर्जन शोभा यात्रा गली भ्रमण करेगी। हर रोज रात्रि 7 बजे से गुलाब साहू एवं हेमंत साहू के मंडली द्वारा माता सेवा भजन प्रस्तुत किया जा रहा है।

### निधन

#### राधिका देवांगन

**भिलाई।** देवांगन परमार्थ सेवा समिति रामनगर भिलाई के महिला



मंडल के सक्रिय सदस्य राधिका देवांगन 48 वर्ष का निधन 24 मार्च को हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे देवांगन परमार्थ सेवा समिति के वरिष्ठ संयुक्त सचिव राम अवतार देवांगन की पत्नी और काजल, खुशी, खुमार्या देवांगन की मां थीं।

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ताहिर खान (TAHIR KHAN) पिता श्री ग्यासुद्दीन (GAYASUDDIN) निवासी LIG-129 हुडको आमदीनगर भिलाई (छ.ग.) यह सब शपथ करता हुं कि मैंने अपना नाम त्याग कर नया नाम ताहिर अहमद खान (TAHIR AHMED KHAN) रख लिया है।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरा नया नाम ताहिर अहमद खान (TAHIR AHMED KHAN) से ही जाना पहचाना जावे।

**ताहिर अहमद खान**
(TAHIR AHMED KHAN)
एल.आई.जी. (LIG-129)
हुडको आमदी नगर भिलाई (छ.ग.)।

## सेलूद और देमार इकाई में साहू समाज की आराध्य माता को किया नमन

# याद किया भक्तमाता कर्मा को, मातृ शक्ति ने निकाली कलश शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सेलूद

साहू समाज की आराध्य भक्त माता कर्मा की 1010वीं जयंती महोत्सव का आयोजन स्थानीय इकाई सेलूद एवं देमार में किया गया। समाज की मातृशक्तियों ने कलश शोभायात्रा निकाली, जिसके पश्चात भगवान श्रीकृष्ण और भक्त माता कर्मा की आरती-पूजा की गई। ग्राम सेलूद में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अश्वनी साहू महासचिव जिला साहू संघ दुर्ग एवं तहसील अध्यक्ष लालेश्वर ने कहा कि समाज की आने वाली पीढ़ी को संस्कारवान बनाना आवश्यक है। जिस प्रकार भक्त माता कर्मा ने एक महिला होकर केवल साहू समाज ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण मानव समाज के उत्थान के लिए कार्य किया, उसी प्रकार उनके बताए मार्ग और संदेश को हमें अपने जीवन में धारण करना चाहिए।

अध्यक्षता करते हुए अरसनारा परिक्षेत्र अध्यक्ष किशन हिरवानी ने

**युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति चिंता का विषय : हिरवानी**





कहा कि सामाजिक और धार्मिक आयोजनों की सफलता में मातृशक्तियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने 25-26 अप्रैल को ग्राम भरर में आयोजित तहसील स्तरीय सामूहिक आदर्श विवाह में अधिक से अधिक लोगों की उपस्थिति की अपील की।

ग्राम देमार में आयोजित कर्मा जयंती में न्याय प्रकोष्ठ संयोजक कौशल बनपेला ने कहा कि आज से 1010 वर्ष पूर्व माता कर्मा ने जन्म लेकर समाज की कुरीतियों को दूर किया और अपनी भक्ति से भगवान को खिचड़ी खिलाने का गौरव प्राप्त किया।

ऐसे महान व्यक्तित्व की संतति होने पर हमें गर्व होना चाहिए। इस अवसर पर सरपंच खिलेश मार्कण्डेय , जनपद सदस्य चंद्रिका कलिहारी, विमला साहू, राकेश साहू और टामन साहू ने भी कर्मा जयंती की बधाई दी। गंगा साहू कृत लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक बयार आरंग ने भक्त माता कर्मा की सजीव झांकी से भाव विभोर कर दिया। मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व सरपंच खेमलाल साहू, खेमीन साहू, संतोष साहू, सालिक साहू, स्थानीय अध्यक्ष जयंत साहू,हरि राम साहू, भोलाराम साहू, जयप्रकाश साहू, ललिता साहू, बलराम साहू, लक्ष्मण साहू, हितेश साहू रूपेश साहू, राजकुमार साहू, अमृत साहू, केवरा साहू, योगेंद्र साहु ,भुनेश्वरी साहु ,कमल साहू, अमरचंद साहू, धनंजय साहू,देवला साहू, सतीश साहू, सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।



## भगवान श्री राम का मंदिर बनकर तैयार, 27 को होगी प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जामगांव आर

भगवान श्री राम का भव्य मंदिर जामगांव आर में दो साल में निर्मित हुआ है। ओडिशा के श्रेष्ठ कलाकारों द्वारा मन मोहक कलाकृतियों के साथ बने इस मंदिर में 27 मार्च शुक्रवार को प्राण प्रतिष्ठा आचार्य मिथलेश शर्मा कराएंगे। इस विशेष दिवस पर कौशल्या धाम पाटेश्वर आश्रम के विख्यात संत राम बालक दास महाराज की धर्म सभा से सनातन प्रेमी सीधे लाभान्वित होंगे।

श्री राम मंदिर निर्माण कर्ता संदीप चंद्राकर ने बताया कि 26 मार्च को कलश यात्रा श्रीराम मंदिर से शीतला माता मंदिर जाएगी तत्पश्चात बस स्टैंड किसान चौक सेजस हायरसेकेंड्री स्कूल मार्ग से होते हुए श्री राम मंदिर कलश यात्रा पहुंचेगी और शाम को भजन संध्या होगी।

श्री चंद्राकर ने बताया कि 27 को पाटेश्वर आश्रम के विख्यात संत श्री राम बालक दास महाराज की धर्म सभा होगी इस सभा 30 कारसेवकों का सम्मान भी किया जाएगा। योगेंद्र गिरी गोस्वामी ने बताया कि 1000 किमी दूर ओडिशा के मयूर गंज से भगवान श्री राम की मूर्ति जामगांव आर पहुंच चुकी है ।उन्होंने बताया कि जामगांव आर में मंदिर का भूमिपूजन अयोध्या में भगवान श्रीं राम की प्राण प्रतिष्ठा के दिवस किया गया जो अब बनकर तैयार हुई। प्राण प्रतिष्ठा के साथ राम दरबार की भव्यता का दर्शन पूजन कर पाएंगे भक्त जन।

## सभापति ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में कुथरेल-18 की टीम रही विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंडा

ग्राम कुथरेल में आयोजित वार्ड स्तरीय सभापति ट्रॉफी भव्य क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन उत्साह और खेल-भावना के साथ हुआ। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के विधायक ललित चंद्राकर मुख्य

- मुख्य अतिथि विधायक ललित ने किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन

अतिथि के रूप में शामिल हुए और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिता का रोमांचक फाइनल मुकाबला कुथरेल वार्ड-1 और वार्ड-18 की टीमों के बीच खेला गया। कड़े संघर्ष के बाद मेज़बान कुथरेल की वार्ड-18 टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि वार्ड-1 की टीम उपविजेता रही। विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, मेडल व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। व्यक्तिगत उत्कृष्ट प्रदर्शन बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर एवं मैन ऑफ द मैच को भी विशेष पुरस्कारों से नवाज़ा गया। मुख्य अतिथि विधायक ललित



चंद्राकर ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्फूर्ति देता है, बल्कि अनुशासन, टीम-वर्क और नेतृत्व के गुण भी सिखाता है। ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को मंच देने वाले ऐसे आयोजनों से युवा ऊर्जा सकारात्मक दिशा में लगती है। राज्य सरकार खेल अधोसंरचना ग्रामीण स्टेडियम, मैदानों का उन्नयन, प्रशिक्षण सुविधाएं को निरंतर सुदृढ़ कर रही है, ताकि हमारे गाँव के खिलाड़ी जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करें।" उन्होंने आयोजन समिति, निर्णायकों एवं सहयोगियों की सराहना करते हुए आश्वस्त किया कि क्षेत्र में खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। आयोजक एवं जनपद सभापति लोमश चंद्राकर ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि सभी टीमों ने बेहतरीन खेल भावना के साथ शानदार प्रदर्शन किया आप सभी बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, गोकुल वर्मा, ग्राम सरपंच गीता गजपाल, चिरपोटी सरपंच पूजा चंद्राकर, जंजगिरी सरपंच गीता ठाकुर, छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेता श्री मन कुरैशी, दिनानाथ चंद्राकर, देवनारायण चंद्राकर, पेमेन्द्र मानिकपुरी, राजू चंद्राकर, राजेश चंद्राकर, नरेंद्र मानिकपुरी, राहुल चंद्राकर, गंगाराम चंद्राकर, जानवी चंद्राकर, मोनू चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, खेलप्रेमी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## टीबी मुक्त भारत अभियान 2.0 का ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंडा

विश्व टीबी दिवस 24 मार्च 2026 के अवसर पर ग्राम अंडा में _"टीबी मुक्त भारत अभियान 2.0"_ के अंतर्गत 100-दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान का ब्लॉक स्तरीय उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि के रूप में श्रीमती मीनाक्षी चंद्राकर सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर एआई तकनीक से युक्त आधुनिक एक्स-रे मशीन का विधिवत पूजन-अर्चना कर उद्घाटन किया गया तथा "टीबी मुक्त भारत अभियान" रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया साथ ही मरीजों को निराक्षय सुपोषण टोकरी प्रदान की गई। विधायक प्रतिनिधि मीनाक्षी चंद्राकर ने कहा, "टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए सबसे ज़रूरी है लक्षण दिखते ही समय पर जांच और पूरा इलाज। जिला क्षय अधिकारी डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव एवं डॉ. देवेंद्र बेलचंदन ने बताया कि घर-घर सक्रिय स्क्रीनिंग, संपर्क



ट्रेसिंग, निक्षय पोर्टल पर पंजीकरण, निक्षय मित्रों के सहयोग से पोषण सहायता तथा नियमित फॉलो-अप पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। समारोह में जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर, सरपंच दिग्विजय सिन्हा , जिला मंत्री गिरेश साहू, मंडल अध्यक्ष लीकेश्वर देशमुख, महामंत्री डिलेश साहू, नोमेश्वर पिपरिया, हेमलाल निषाद, मुकेश बेलचंदन, सरपंच योगेंद्र दिल्लीवार, राजेंद्र वर्मा, विमल वर्मा, राकेश सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, पंचायत प्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



## स्कूली बच्चों ने देखी 'साइंस सिटी' और खूब घूमे 'जंगल सफारी'

**बोरी।** शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के अंतर्गत, पीएमश्री शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (सेजेस), बोरी के छात्र-छात्राओं को एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण हेतु प्रदेश की राजधानी रायपुर ले जाया गया। रवानगी के अवसर पर इस अवसर पर प्राचार्य रामजी सिंह, एस.एम.डी.सी. अध्यक्ष अरविंद कुमार पटेल एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। यहां विद्यार्थियों ने साइंस सिटी में विज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों को प्रयोगों के माध्यम से समझा और आधुनिक तकनीक व नवाचारों को करीब से देखा। आदिवासी संग्रहालय में छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को समझा। जंगल सफारी (नया रायपुर) में वन्यजीवों के संरक्षण और प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र को समझा। बच्चों की सुरक्षा और मार्गदर्शन हेतु विद्यालय के व्याख्याता गुलनाज बानो और धीरजा चौधरी सहित अन्य शिक्षक गण सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

## बिजनेस साइट

### औद्योगिक सुरक्षा सेफ्टी ऑफिसर पद पर छात्रों का हुआ चयन



**भिलाई।** फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट संस्था एमएसएमई-सीटीआर, लुधियाना (पंजाब) सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय सीटीआर लुधियाना पंजाब से मान्यता प्राप्त (निजी प्रशिक्षण संस्थान) भिलाई जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़ से इंडस्ट्रियल सेफ्टी एवं फायर फाइटर का प्रशिक्षण प्राप्त करने उपरांत संस्था के चार छात्रों का चयन हुआ। जिसमें विमल कुमार विश्वकर्मा, रितिक कुमार सिंह, आदित्य बावनथाड़े, घनश्याम प्रसाद साहू, विनय कुमार कश्यप का सेफ्टी ऑफिसर पद के लिए चयन हुआ। संस्था के मुख्य प्रबंधक रवि सोनी, निर्देशक मनोज ठाकरे, संस्था में प्रशिक्षण फायर के ट्रेनिंग शत्रुहन लाल धनकर और औद्योगिक सुरक्षा की ट्रेनिंग दे रहे। बीएसपी से रिटायर तपन कुमार विश्वास ने बताया कि संस्था में औद्योगिक सुरक्षा (सेफ्टी) एवं अग्निशमन (फायर) का प्रशिक्षण दिया जाता है। संस्था के विद्यार्थियों ने शैलजा एंटरप्राइजेज कंपनी लिमिटेड से कमल किशोर राजपूत एवं दक्ष पावर कंपनी से अब्दुल गणी वर्क इन भिलाई स्टील प्लांट एवं सहयोगी टीम के द्वारा सेफ्टी ऑफिसर पद के लिए छात्रों का इंटरव्यू लिया गया।

## अंचल की खबरें

### जामुल में किसान न्याय सभा का आयोजन



**जामुल।** जामुल ब्लॉक में किसान न्याय सभा का आयोजन रविवार को रावण मैदान जामुल में किया गया। इस अवसर संगठन की गतिविधियों और किसानों के हितों को लेकर कार्य करने के संकल्प को दोहराया गया। कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के प्रदेश महासचिव सूरज उपाध्याय, संजीत विश्वकर्मा, देवेंद्र सिंह भाटिया, रघुराज ठाकुर, संजय गुप्ता, शिव कुमार शर्मा, गीतेश्वरी बघेल, शिवा रायडू, रूपेंद्र चंद्राकर, ओम प्रकाश निर्मलकर, अजय रामटेक, उमा निर्मलकर, धनाराम साहू, लक्ष्मण साहू सहित अन्य मौजूद थे।

### हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजन 4 अप्रैल से

**अंडा।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर ग्राम भोथली में 4, 5 और 6 अप्रैल को तीन दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन क्षेत्रीय ग्रामवासियों द्वारा जिला दुर्ग, बालोद एवं राजनंदगांव के



सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। आयोजन के प्रथम दिवस 4 अप्रैल को दोपहर 3 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी, इसके पश्चात शाम 5 बजे श्री राम कथा का आयोजन होगा। द्वितीय दिवस 5 अप्रैल को सुबह 10 बजे वेद पूजा, 11 बजे से 1 बजे तक श्री राम कथा, दोपहर 2 से 3 बजे तक परिचय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह तथा 3 से 5 बजे तक पुनः श्री राम कथा का आयोजन किया जाएगा। तृतीय दिवस 6 अप्रैल को सुबह 10 से 11 बजे तक वेद पूजा, 11 से 1 बजे तक श्री राम कथा, दोपहर 2 से 3 बजे तक सम्मान समारोह तथा 3 से 5 बजे तक श्री राम कथा का आयोजन होगा। इसके पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक सुरेश कुमार साहू ने बताया कि वर्षों बाद इस प्रकार का भव्य हनुमान जन्मोत्सव आयोजन क्षेत्र में हो रहा है, जिसमें लगभग 25 से 30 गांवों के राम भक्त शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं और विभिन्न क्षेत्रों से निरंतर सहयोग मिल रहा है। इस आयोजन में श्री राम कथा का वाचन सुप्रसिद्ध कथावाचक राज हंस भरतद्वाज (राजहंस परिवार, अंबागढ़ चौकी, राजनंदगांव) द्वारा किया जाएगा।

### आंगनबाड़ी के बच्चों को कराया बालभोज



**अंडा।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम चंदखुरी के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 से 5 तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए विशेष बालभोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी एवं पूर्व पंच भूपेन्द्र साहू ने अपने पुत्र सूर्यांश साहू एवं दिव्यांश साहू के माध्यम से बच्चों को खीर-पूड़ी का वितरण कर स्नेहपूर्वक भोजन कराया। कार्यक्रम में बच्चों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली और सभी ने प्रसाद स्वरूप भोजन का आनंद लिया। इस दौरान शिक्षाविद दुष्यंत चंद्राकर, राधेलाल सोनी, प्रधान पाठक बेना निषाद, सुशील देवांगन सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाएं गजेश्वरी साहू, रेखा देवांगन, पूर्णिमा देशमुख, सुनीता चंद्राकर, हिमानी देवांगन, लता देशमुख, चंपा देशमुख, हेमलता साहू, पुष्पा चंद्राकर, ईश्वरी बारले एवं गीतांजलि यादव उपस्थित रहे। सभी ने इस आयोजन को सफल बनाने में अपनी सहभागिता निभाई।

### शुभम छात्रवृत्ति योजना में 21 हजार दान



**पाटन।** छत्तीसगढ़ मानव कुर्मी छत्रिय समाज राज द्वारा संचालित शुभम छात्रवृत्ति योजना से जरूरतमंद बच्चों को पढ़ाई के लिए ब्याज मुक्त राशि वितरित किया जाता है। इस राशि से बच्चों को आगे पढ़ाई के लिए समाज द्वारा मदद किया जाता है। इस योजना से प्रभावित होकर सोरम भिलाई सेक्टर 4 निवासी सुरेश वर्मा ने अपने 62 वें जन्म दिवस के अवसर पर 21000 रुपए पाटन राज प्रधान युगल आडिल को भेंट किया। सुरेश वर्मा ने कहा कि पाटन राज द्वारा चलाए जा रहे हैं यह योजना प्रेरणादायक है। राज प्रधान युगल आडिल ने सुरेश वर्मा और उनकी पत्नी सरला वर्मा को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि जन्म दिवस के अवसर पर इस तरह का काम पुण्य का काम होता है।

### युवा शक्ति ही संगठन की असली ताकत : कीर्ति



**सेलूद।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा, पाटन विधानसभा क्षेत्र में नव नियुक्त युवा पदाधिकारियों को जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक ने बधाई दी है। कीर्ति नायक ने अपने संदेश में कहा, "भारतीय जनता पार्टी का युवा मोर्चा केवल एक संगठनात्मक इकाई नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की सशक्त धुरी है। नव नियुक्त पदाधिकारियों में कुम्हारी मंडल अध्यक्ष राजू साहू, महामंत्री सुमित द्विवेदी, पाटन मंडल अध्यक्ष कुणाल वर्मा, महामंत्री तन्मय वर्मा अमलेश्वर मंडल अध्यक्ष रवि सिंगौर, महामंत्री मनीष कोसले, जामगांव आर मंडल अध्यक्ष लुभम बंछोर, दरबार मोखली मंडल अध्यक्ष पुष्कर साहू, जिला युवा मोर्चा में दायित्व, राजू साहू उपाध्यक्ष अमलेश्वर मंडल, अविनाश मिश्रा उपाध्यक्ष पाटन मंडल, केवल देवांगन विशेष आमंत्रित सदस्य, जिनेश जैन नीति अनुसंधान प्रभारी (जामगांव आर मंडल, विकास सोनी कार्यसमिति सदस्य (अमलेश्वर मंडल) को जवाबदारी दी गई है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



# चैती छठ पूजा

## आस्था, अनुशासन और प्रकृति के प्रति समर्पण का महापर्व



भारतीय संस्कृति में पर्व-त्योहार केवल उत्सव नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों और परंपराओं का जीवंत रूप होते हैं। इन्हीं में से एक है चैती छठ पूजा, जो आस्था, कठोर तपस्या और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का अद्भुत संगम है। चैत्र माह में मनाया जाने वाला यह पर्व विशेष रूप से बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ में गहरी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। यह पर्व सूर्य उपासना के माध्यम से मानव और प्रकृति के अटूट संबंध को दर्शाता है।




### चैती छठ पूजा का महत्व



चैती छठ पूजा में भगवान सूर्य और छठी मैया की आराधना की जाती है। सूर्य को जीवन, ऊर्जा और स्वास्थ्य का स्रोत माना गया है। इस पर्व में व्रती सूर्य देव को अर्घ्य देकर परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की लंबी आयु और रोगों से मुक्ति की कामना करते हैं। यह पर्व हमें यह भी सिखाता है कि प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करना कितना आवश्यक है। जल, सूर्य, वायु और धरती—इन सभी के संतुलन से ही जीवन संभव है, और छठ पूजा इसी संतुलन का प्रतीक है।

### चार दिवसीय अनुष्ठान का विस्तृत स्वरूप

#### पहला दिन : नहाय-खाय



इस दिन व्रती स्नान कर घर की शुद्धता बनाए रखते हुए सात्विक भोजन ग्रहण करते हैं। भोजन पूरी तरह से शुद्ध और बिना लहसुन-प्याज का होता है। यह दिन शरीर और मन की शुद्धि का प्रतीक है।

#### दूसरा दिन : खरना

दूसरे दिन व्रती दिनभर निर्जला उपवास रखते हैं। शाम को गुड़-चावल की खीर और रोटी का प्रसाद बनाकर पूजा की जाती है। इसके बाद व्रती प्रसाद ग्रहण करते हैं और 36 घंटे का कठोर निर्जला व्रत शुरू होता है।

#### तीसरा दिन : संध्या अर्घ्य

इस दिन अस्त होते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। व्रती नदी, तालाब या जलाशय में खड़े होकर सूर्य देव की उपासना करते हैं। घाटों पर दीपों की रोशनी और भक्ति गीतों से वातावरण अत्यंत पवित्र और भावपूर्ण हो जाता है।

#### चौथा दिन : उषा अर्घ्य

अंतिम दिन उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। इसके साथ ही व्रत का पारण होता है। यह क्षण अत्यंत भावुक और आध्यात्मिक होता है, जब श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना करते हैं।

### पूजा की विशेषताएं और नियम

36 घंटे का निर्जला व्रत, जो अत्यंत कठिन माना जाता है

बांस के सूप और टोकरी में प्रसाद सजाया जाता है। ठेकुआ, गन्ना, नारियल, केला और अन्य फल प्रसाद के रूप में चढ़ाए जाते हैं, पूजा में स्वच्छता और शुद्धता का विशेष महत्व होता है। व्रती जमीन पर सोते हैं और पूरी श्रद्धा के साथ नियमों का पालन करते हैं।

### सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व

चैती छठ पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता का भी प्रतीक है। इस दौरान समाज के लोग मिलकर घाटों की सफाई करते हैं और एक-दूसरे की मदद करते हैं। यह पर्व जाति, वर्ग और भेदभाव से ऊपर उठकर एकता और भाईचारे का संदेश देता है।

### आधुनिक संदर्भ में छठ पूजा

आज के समय में, जब पर्यावरण संकट एक बड़ी समस्या बन चुका है, छठ पूजा हमें प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देती है। बिना किसी आडंबर के, प्राकृतिक साधनों से किया जाने वाला यह पर्व पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देता है।















लाइव इवेंट

## रचनात्मकता और संस्कृति का दिखा अनूठा संगम, शिक्षकों ने दी रंगारंग प्रस्तुति



**भिलाई।** विद्यार्थियों को अनुसंधान, स्टार्टअप, प्रबंधन और रचनात्मक- सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने ई-समिट का तीन दिवसीय आयोजन श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में किया गया। विद्यार्थियों ने तो अपने हुनर का प्रदर्शन किया ही अंतिम दिन शैक्षणिक और अशैक्षणिक स्टॉफ ने अपने लिए भी शानदार आयोजन किया। विश्वविद्यालय एवं टेक्नीकल कैंपस के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों दी। प्रस्तुतकर्ता और दर्शक शिक्षक एवं कर्मचारी ही थे लेकिन विशेषता यह रही कि एंकर की भूमिका में विद्यार्थी थे। गीत-संगीत-नृत्य का अनूठा संगम देखने को मिला।

वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ नम्रता भार्गव के माय हार्ट इस विटिंग और डा. समता देशपांडे एवं. सीमा बानिक के गीतों ने तो समां बांधा। शिक्षकों में डॉ. रवि श्रीवास्तव, डॉ रेखा त्रिवेदी, अंजू कुमारी, ओम टेकाम ने खूब वाहवाही लूटी। साथ ही अशैक्षिणिक स्टॉफ से विनय पीताम्बरम, तेजस्वी साहू, संतोष पांडे ने भी गीत प्रस्तुत किए।

पूरे कार्यक्रम में नृत्य की प्रस्तुतियों ने भाव विभोर कर दिया। शास्त्रीय, लोकनृत्य और वर्तमान पीढ़ी के फिल्मों के प्रसिद्ध नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ मोनिका श्रीवास्तव ने भरतनाट्यम और डॉ अचला जैन समूह के नृत्य ने खूब तालियां बटोरी। संगीता तिवारी, सुनिता, प्राची अग्रवाल, जयश्री, और आकांक्षा शर्मा के समूह ने भी शानदार प्रस्तुति दी।

### देवानंद और सुनिता ने भी अपने नृत्य से खूब माहौल बनाया

शिक्षकों के इस रचनात्मक सांस्कृतिक कार्यक्रम में कुलाधिपति आई पी मिश्रा, शिक्षण समिति की अध्यक्ष डॉ जया मिश्रा, कुलसचिव डा. स्मिता सेलट ने उपस्थित होकर सभी को प्रोत्साहित किया और प्रस्तुतियो की सराहना की। डॉ जया मिश्रा ने कहा कि फैकल्टी प्रोग्राम से कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों को प्रोत्साहन मिलता है वहीं उनकी रचनात्मक, सांस्कृतिक प्रतिभा सामने आती है।



लाइव इवेंट

## श्रृंगवेरपुर महाराज गुहा निषाद राज की मनाई गई जयंती, हुआ महाभंडारा



**भिलाई।** श्रृंगवेरपुर महाराज गुहा निषाद राज जन्म उत्सव जयंती का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। छत्तीसगढ़ निषाद केंवट समाज दुर्ग जिला संगठन पुलगांव कार्यालय में विधि विधान से चैत्र शुक्ल पंचमी के अवसर पर भगवान राम के सखा गुहा निषाद राज जन्म उत्सव जयंती मनाई गई।

जयंती के अवसर पर पूजा,अर्चना, यज्ञ अनुष्ठान और महाप्रसादी का वितरण किया गया। भगवान श्रीराम के अनन्य सखा और श्रृंगवेरपुर के राजा गुहा निषाद राज की जयंती चैत्र शुक्ल पंचमी को देश के विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम मनाई गई। निषादराज को निषाद समाज के आराध्य देव के रूप में पूजा जाता है, जिन्होंने रामायण काल में वनवास के दौरान भगवान राम को गंगा पार करने पर मदद की थी।

यह आयोजन महिला और युवा प्रकोष्ठ द्वारा किया गया था। जिसमें राम रतन विनायक, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री कोमल देव निषाद और दुर्ग जिला संगठन का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोषी निषाद, जिला एवं प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष बीरेंद्र कुमार निषाद, उपाध्यक्ष भीम सिंह निषाद, कोषाध्यक्ष विनोद निषाद, महिला उपाध्यक्ष धनवंती निषाद, हेमवती निषाद, दुर्ग शहर अध्यक्ष विष्णु निषाद, कौशल निषाद, रिवगहन सरपंच माधुरी नरोत्तम निषाद, नीलकमल निषाद, प्रमोद निषाद सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



● दो सत्रों मे सहकार भारती राज्य स्तरीय महिला सहकारिता सम्मेलन का आयोजन

# नारी संगठन ही सामाजिक जीवन की सबसे बड़ी शक्ति, सहकारिता की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने में निभा रही अहम भूमिका, 800 प्रतिनिधियों ने की शिरकत

सहकार भारती प्रदेश संगठन के द्वारा सहकार भारती महिला प्रकोष्ठ का एक दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेक्टर-7 के शांति सभागार में दो सत्रों में आयोजित किया गया था। सम्मेलन में पूरे प्रदेश भर के सभी जिलों से सहकारिता से जुड़ी लगभग 800 से अधिक महिला प्रतिनिधियों की सहभागिता रही। इस दौरान अतिथियों ने नारी संगठन ही समाजिक जीवन की सबसे बड़ी शक्ति बताया। महिलाएं ही सहकारिता की योजनाओं को घर घर जाकर पहुंचने में अग्रणी भूमिका निभा सकती हैं।




**भिलाई।** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, सहकार भारती की राष्ट्रीय महिला प्रमुख रेवती शेन्दुर्निकर, ब्रह्माकुमारीज प्रमुख आशा बहन, सहकार भारती प्रदेश संगठन महामंत्री कनीराम, विधायक रिकेश सेन, रजनी विजय बघेल, प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा, अशोक दीवान सहित अन्य उपस्थित थे।

### इन्हें मिली जिम्मेदारी

शुरुआत भारत माता एवं सहकार भारती के संस्थापक लक्ष्मणराव इनामदार के चित्र पर माल्यार्पण, ध्वजारोहण और जय सहकार के गुंजायमान नारों की उद्घोषणा कर की गई। इस दौरान प्रदेश संगठन द्वारा प्रादेशिक स्तर पर संगठन मजबूत करने महिला प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक स्मिता दोडके, प्रदेश सह संयोजक पूजा पांडे, एफपीओ प्रदेश संयोजक डॉ अनुज नारद, सहकार भारती दुर्ग संभाग संयोजक दीपक मिश्रा, मत्स्य प्रकोष्ठ महिला संयोजक अंजू मटियारा को जिम्मेंदारी दी गई। इस अवसर पर सहकार भारती प्रदेश संगठन महामंत्री कनीराम ने नवरात्रि की बधाई देते हुए सहकारिता के इस कार्य आर्थिक समृद्धि के साथ आत्म निर्भर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि 1978 से भारत के 650 से अधिक जिलों में सहकार भारती सक्रिय रूप से समाज जीवन के बीच विभिन्न प्रकोष्ठों के माध्यम से कार्य कर रही है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक उनके लाभार्थ कार्य वर्तमान केंद्र, राज्य सरकार कर रही है।

### समाज के हर क्षेत्रों में महिलाओं की सक्रिय भूमिका

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े कहा कि आज महिलाएं समाज के हर क्षेत्रों में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है, इस सृष्टि की रचना भी मातृ शक्ति से ही है। बजट में भी महिलाओं का विशेष ध्यान रखते हुए महतारी वंदन योजना प्रदेश की सरकार चला रही हैं। ग्रामीण महिलाओं को विशेष लाभ मिल रहा है। महिला आज घर से बाहर निकल कर हर जगह चुनौती का सामना करते हुए कार्य कर रही है। जल, थल ,नभ हर जगह देश की सुरक्षा में अग्रणी भूमिका अदा कर रही है।






### पंच परिवर्तन की अवधारणा की दी जानकारी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महिला प्रमुख रेवती ने कहा कि आज पूरे देश भर में सहकारिता के क्षेत्र में जो विभिन्न प्रकोष्ठों जैसे, मत्स्य, उपभोक्ता भंडार, क्रेडिट सोसायटी, बैंक,जल प्रबंध सहकारिता, बुनकर,पैक्स, पर्यटन, स्व सहायता समूह, गृह निर्माण, डेयरी प्रबंधन, सहित समस्त ऐसे क्षेत्रों में समाज जीवन की आवश्यकता को देखते हुए कार्य कर रहा है। भारत टैक्सी देश भर के टैक्सी चालकों को अच्छी आमदनी प्रदान करने के साथ स्वदेशी भाव से केंद्र सरकार ने इसको प्रारंभ किया, समुद्री क्षेत्र में मछुवारा वर्ग के लिए अनेक जन हित वाले कार्य की शुरुवात किया।

### मातृ शक्ति के सहयोग से भारत बनेगा विश्व गुरु

ब्रह्माकुमारीज आश्रम की संचालिका आशा बहन ने कहा कि नारी शक्ति ही विश्व जगत निर्माता है। हमारा भारत देश यदि विश्व जगत गुरु बनेगा तो मातृ शक्ति के सहयोग से ही बनेगा। आप लोगों को श्रेष्ठ विचार, श्रेष्ठ आचरण, चरित्र, के साथ कार्य करे तभी आप सभी से एक भारत, श्रेष्ठ भारत बनेगा। इस अवसर पर बीके प्राची दीदी ने मेडिटेशन से लाभ और उसके गुण के बारे में बताते हुये इसके अनेक लाभ बताए और ध्यान राज योग के महत्व को समझाया। कार्यक्रम को सांसद पत्नी रजनी बघेल और मार्कफेड चेयरमैन शशिकांत द्विवेदी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सहकारी क्षेत्र के प्रमुखों सहित सहकार भारती प्रदेश कार्यालय मंत्री सौरभ शर्मा, प्रगति महिला नागरिक सहकारी बैंक अध्यक्ष अश्विनी नागले, दीपक मिश्रा, शंकरलाल देवांगन, पुरुषोत्तम देवांगन, नरेश मल्लाह, प्रदेश संयोजक मत्स्य प्रकोष्ठ, पूजा पांडे, स्वीटी कौशिक, जया रेड्डी, डॉ अनुज नारद, शीतल नायक, चंद्रकिरण मिश्र, ममता राव, बबीता केला, अंजू मटियारा, देवप्रभआ साहू, दिनेश मिश्र, टी आर कन्नौज, ज्योति सोनी, लखन लाल साहू, सुकन्या, रोहिणी,गिरधर सोनी, आरती पांडे सरोज सिंह, मीनू बिष्ट, शंकर लाल देवांगन, प्रताप बेनर्जी,सुमन साहू, कांति वर्मा, परवीन बनो, श्रद्धा साहू, संध्या मंडलोई, ललिता राजम, नंदिनी बुझे, ईशा, जसबीर कौर, रमेश शर्मा, किशोर कन्नौजी, अरुण पंडा, रविन्द्र साहू, गजानंद बंछोर,सविता धवस पार्षद रिसाली निगम, मालती साहू, अजय अग्रवाल, अनुराग तैलंग, माला सिंह, जयप्रकाश सिंहा,सोम थावेट, राजेश ताम्रकार, अनूप कुमार, कमल ताम्रकार, योगेश दोड़के, नीता पाठक, सोनिया साहू, खुशबू राम, ईशा पाटिल, गायत्री, प्रीति मालवीय, भारती काकडे, कुमकुम साहू, गिरेश्वरी साहू, पूनम सिंह, अनुपमा शुक्ला, सबूजा देवी, उपस्थित थे।

## नवकार महामंत्र से होगा महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव का आगाज, 31 को निकलेगी शोभायात्रा

**दुर्ग।** जन्म कल्याणक महोत्सव का आगाज 25 मार्च से होने जा रहा है। नवकार महामंत्र जाप एवं सामयिक साधना के साथ जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में सुबह 7 बजे से प्रारंभ हो रहा है। श्रमण संघ स्वध्याय मंडल को इस आयोजन की ज़िम्मेदारी दी गई है। महोत्सव के सफल आयोजन के लिए अध्यक्ष योगेश बरडिया, विजय कोठारी, संदीप निमाणी, मनीष बड़जात्या, प्रभात सांखला, आकाश पारख, प्रवीण बोदरा, अक्षय जैन, राहुल बरमेचा, नितेश पारख, संभव जैन, नवीन संचेती को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सात दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में साध्वी हेम प्रभा और साध्वी रेखा महाराज साहब का विशेष सानिध्य प्राप्त होगा। 26 से 30 मार्च तक प्रभात फेरी निकाली जाएगी। दादाबाड़ी मालवीय नगर क्षेत्र पदमनाभपुर क्षेत्र महावीर कॉलोनी खंडेल वाल कॉलोनी ऋषभ नगर क्षेत्र उसके पश्चात बांधा तालाब से वर्धमान हाइट्स होते हुए ग्रीन सिटी तक चार दिनों तक प्रभात फेरी का संचालन होगा। महोत्सव का सबसे आकर्षण महावीर प्रेरणा रील बना रहा है। इस प्रतियोगिता में जैन समाज के लोग रील बनाकर पोस्ट डाल रहे हैं। महावीर की भक्ति संध्या का आयोजन गंज मंडी प्रांगण में 28 मार्च को होगा। 29 मार्च को अहिंसा मैराथन यात्रा गया नगर से नसिया तीर्थ तक निकाली जाएगी।रक्तदान शिविर



ऋषभदेव परिसर एवं जिला चिकित्सालय लगाया जाएगा। महावीर जैन विद्यालय में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। ऋषभ देव परिसर में प्रभु महावीर के नाम मेहंदी रचाकर वीर नाटक स्पर्धा का आयोजन होगा। अंतर्राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर डॉक्टर उज्वल पाटनी का 2 घंटे का प्रेरक उद्बोधन जीवन का गेम चेंज, व्यापार का गेम चेंज और बच्चों का पालन पोषण कैसे करें का आयोजन होगा।

## कन्याओं को आलता लगाकर ओढ़ाई चुनरी हलवा-पूड़ी का लगाया भोग, दिया उपहार



**भिलाई।** लीनेस क्लब भिलाई द्वारा नवरात्र पर्व की पंचमी के अवसर पर को सा ना ला बस्ती में कन्या भोज का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 50 कन्याओं का पूजन कर आरती की गई। इस दौरान भजन कीर्तन कर माता की महिमा का बखान किया गया। पंचमी पर आयोजित कन्या भोज में पहुंची कन्याओं का स्वागत कर पैर धुलाएं और उनके पैरों में आलता लगाया, टीका कर लाल चुनरी ओढ़ाई गई और श्रृंगार किया गया। कन्याओं को माता प्रिय प्रसाद हलवा, पूरी, खीर और चने की सब्जी बांटा गया। जिसे कन्याओं ने बड़े शौक से ग्रहण किया और क्लब की सदस्याओं ने सभी को उपहार देकर कन्याओं का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष कल्पना श्रीवास्तव, सचिव मनीषा सिन्हा, कोषाध्यक्ष डॉ मंजू तिवारी, नूतन गंधोक, लता गायकवाड, पूनम आहूजा, अर्चना मिश्रा, मिनाक्षी नागदेव, स्नेहा शर्मा, सुषमा रंधावा, देवयानी चंद्राकर सहित सभी सदस्य उपस्थित थे।

श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा लगातार 41वें वर्ष हो रहा भव्य आयोजन

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा 26 मार्च को भव्य रूप से श्रीरामनवमी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सभी 12 प्रखण्डों से शोभायात्रा तय रूट निकाली जायेगी। जो कि रामलीला मैदान पावर हाउस पहुंचेगी। इस बार लगभग 1150 से अधिक मठ-मंदिरों से ध्वजवाहक शोभायात्रा में शामिल होंगे। साथ ही जिले के 1 लाख से अधिक परिवारों से संग्रहित अन्न से महाप्रसाद बनाया जाएगा। आयोजन के संबंध में यह जानकारी श्रीराम जन्मोत्सव समिति के युवा विंग अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बाल योगेश्वर राम बालकदास महात्यागी, पाटेश्वर धाम उपस्थित रहेंगे। वहीं अतिथि छग के शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव, मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व समिति के संरक्षक प्रेमप्रकाश पाण्डेय, सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, रिकेश सेन, डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. हिमांशु द्विवेदी, भाजयुमो प्रदेश प्रभारी आलोक डंगस, छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष वर्णिका शर्मा व जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन उपस्थित रहेंगे। श्रीरामनवमी के इस आयोजन के लिए समिति द्वारा 22 फ़रवरी से लगातार एक मुट्ठी दान-श्रीराम के नाम अभियान भी चलाया जा रहा है।

## 12 प्रखण्डों और 1150 मठ-मंदिरों से ध्वजवाहक निकालेंगे शोभायात्रा, 1 लाख परिवारों से संग्रहित अन्न से बनेगा महाप्रसाद




### विभिन्न प्रखण्डों से निकलेगी झांकियां

पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए मनीष पांडेय ने कहा कि पिछले 4 दशकों से निरंतर चला आ रहा यह आयोजन मध्य भारत के सबसे बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन के रूप में अपनी पहचान बना चुका है, जिसमें लगभग 1150 से अधिक मठ-मंदिरों से ध्वजवाहक शोभायात्रा में शामिल होते हैं। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से भव्य शोभायात्राएं निकलती हैं जो मुख्य रूप से बाबा भोलेनाथ शोभायात्रा, भगवान चतुर्भुजी शोभायात्रा, मां बम्लेश्वरी शोभायात्रा और मां दंतेश्वरी शोभायात्रा के रूप में आयोजन स्थल पर एकत्रित होती है। जिन्हें आयोजन स्थल पर पुरस्कृत किया जाता है। पाण्डेय ने बताया कि इस अभियान में 22 फरवरी से अब तक जिले के 1 लाख से अधिक परिवारों से अन्न संग्रहित किया जा चुका है। इस अन्न से श्रीरामनवमी के अवसर पर महाप्रसाद बनाया जायेगा। 26 मार्च को होने वाले मध्य भारत के इस सबसे बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण पर हैं। आयोजन संबंधी सारी तैयारियों के लिए विभिन्न टीमों का गठन किया गया था। यह सभी शोभायात्रा तय रूट से होते हुए रामलीला मैदान पावर हाउस पहुंचेगी। पत्रकारवार्ता के दौरान मुख्य रूप से समिति के प्रांतीय अध्यक्ष रमेश माने, जिलाध्यक्ष मदन सेन, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय, जिला महामंत्री बसंत प्रधान, जोगिंदर शर्मा आदि उपस्थित थे।

### दिखा भिलाईवासियों का समर्पण

समिति के प्रांतीय महामंत्री बुद्धन ठाकुर ने कहा कि समिति द्वारा लगातार चौथे वर्ष एक मुट्ठी दान -श्रीराम के नाम अभियान चलाया गया। हर व्यक्ति ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए बढ़-चढ़कर दान किया। इसी तरह सभी प्रखण्डों में बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों ने प्रभु श्रीराम के प्रति अपनी अटूट आस्था दिखाते हुए इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता दी।

### - गिनीज बुक ऑफ रिकार्ड में नाम हो चुका है दर्ज

मनीष पांडेय ने बताया कि 4 दशक से होने वाले इस आयोजन में अब तीसरी पीढ़ी नए आयाम गढ़ रही है। मध्य भारत के भव्य आयोजन का नाम 2017 में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज हो चुका है और अब आने वाली नई पीढ़ी भी सनातन के प्रति सभी को जागरुक और एकता को दर्शाने सभी आयु वर्गो को साथ लेकर चल रही है।

## सिटी इवेंट

# कांची कामाक्षी मंदिर में हुआ प्रसाद वितरण, उमड़े भक्त



**भिलाई।** माता कांची कामाक्षी मंदिर भिलाई पावर हाउस में नवरात्रि के अवसर पर पंचमी के दिन नीलकंठेश्वर चैतन्य सेवा समिति के बैनर तले प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। महिला शक्ति की सक्रिय भागीदारी के लिए उल्लेखनीय रहा। महिला टीम ने पूरी श्रद्धा, समर्पण एवं व्यवस्था के साथ प्रसाद वितरण का कार्य संभाला। यह सेवा कार्य लगातार चौथे वर्ष भी सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस बार मंदिर परिसर के साथ-साथ सेक्टर-5 चौक में भी प्रसाद वितरण किया गया। समिति के पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में इस आयोजन को सफल बनाया गया। जिसमें अध्यक्ष डी. छिन्ना राव, सह सचिव के. संतोष राव एवं के. यदेशन द्वारा महिला टीम को विशेष रूप से आगे बढ़ाया गया। इस अवसर पर महिला टीम की सदस्य के. रूखमानी, के. ज्योति, के. मोहनी, के. अरावती, के. अंजलि, डी. भानु, डी. पार्वती, डी. पोट्टिअम्मा, यू. यशोदा एवं सी. लता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई रही। समिति ने सभी महिलाओं के इस सराहनीय योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।



## लाइव इवेंट

# नेहरू सांस्कृतिक सदन में शहीदों की याद में सजी संकल्प की संध्या



**भिलाई।** नाट्य, कविता व गीतों से गूंजा सदन का कोना-कोना, नॉस्टैल्जिक हुए कलाकार-साहित्यकार शहीद दिवस पर सोमवार को नेहरू सांस्कृतिक सदन सेक्टर-1 स्थित इप्टा प्रांगण में अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कला-साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ (कवच) के तत्वावधान में तथा इप्टा भिलाई के समन्वय एवं सहयोग से आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शब्द, स्वर और संकल्प का प्रभावी संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत इप्टा के मणिमय मुखर्जी के क्रांतिकारी अभिवादन से हुई। इसके बाद कविता, गीत, पत्र-पाठ, बच्चों के नाट्य-प्रदर्शन और विचार-अभिव्यक्ति के माध्यम से शहीदों के अदम्य साहस, त्याग और राष्ट्रनिष्ठा को स्मरण किया गया। इस अवसर पर कला-साहित्य जगत के राजेश श्रीवास्तव, जयप्रकाश नायर, विजय वर्तमान, रोशन घरेकर, बीबी परघनिया, कमलेश वर्मा, मिथुन दास, मुकेश पटेल, रामचंद्र सामंत, गोकुल वर्मा, जनाब गुलाम हैदर मंसूरी, संगीता लाहिड़ी, रजनी सिन्हा, चंद्रा बैनर्जी, सुचिता मुखर्जी, संस्कृति वर्मा तथा संगीता सोनपिपरे सहित अनेक साहित्यकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन युवा रंगकर्मी एवं निर्देशक चारु श्रीवास्तव ने किया।

नव्या साहू, ओमी सोनपिपरे, जुनैद, आलिया, अनुष्का, पलक, मोनालिसा, शौर्य, जगन्नाथ, सुशांत, आदर्श, नंदिता, नीरज, चारु श्रीवास्तव, रोहित रेड्डी और नरेंद्र पाटनारे तथा कला एवं साहित्य जगत की अर्चना शर्मा, डॉ. जयप्रकाश साव, लोकबाबू, शरद कोकास, मुमताज़ और परमेश्वर वैष्णव ने माइक्रो एक्ट, वक्तव्य और काव्य-पाठ के माध्यम से आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियों ने पूरे नेहरू सांस्कृतिक सदन सेक्टर-1 के प्रांगण को भावनाओं, विचारों और प्रेरणा से भर दिया,सदन में कलाकार और साहित्यकार मित्र बेहद नॉस्टैल्जिक भी हुए। वक्ताओं ने कहा कि शहीदों का बलिदान केवल इतिहास का गौरवशाली प्रसंग नहीं, बल्कि आज की पीढ़ी के लिए चेतना, जिम्मेदारी और राष्ट्रनिर्माण का प्रेरक संदेश है।

## समाज इवेंट

# आयो लाल झूलेलाल के लगाए जयकारे शरबत वितरण कर किया महाभंडारा



**भिलाई।** गुरु नानक सेवा सिंधु मंडल कैम्प 2 पावर हाउस भिलाई द्वारा चेट्रीचंड महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सिंधी समाज द्वारा भगवान झूलेलाल जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाज के सदस्यों ने बताया कि चेट्रीचंड महोत्सव सिंधी समाज का संरक्षक संत झूलेलाल भगवान के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। सुबह से ही सिंधु भवन में पूजा-अर्चना के साथ शरबत वितरण और दोपहर 1 बजे से महालंगर भंडारा का प्रसाद वितरण किया गया। साथ ही सिंधी लोक संगीत, भजन और नृत्य के माध्यम से भक्ति की शक्ति का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान आयो लाल झूलेलाल के जयकारे लगाए गए। मुख्य अतिथि दिलीप पवानी, धर्मदास बत्रा, गार्गी शंकर मिश्रा, जयप्रकाश आर्य, चिन्ना राव, लक्ष्मण भक्तानी, शंकर सचदेव, धर्मेंद्र कृष्णानानी मनोज माखीजा, पवन छाबड़िया, चंदू आहूजा, मनोज अहूजा, कामेश हेमनानी गोपी राजपलानी, पवन छाबड़िया, हरीश साधवानी एवं सिंधी समाज के लोग उपस्थित रहे।

## कल्याण कॉलेज में प्राणियों के लिए फर्स्ट एड का बताया महत्व

# एनिमल केयर वर्कशॉप में इंसानों से लेकर पशुओं के लिए फर्स्ट एड के बताए तरीके, स्टूडेंट्स ने किया प्रैक्टिकल

**भिलाई।** शिक्षाधानी भिलाई के सेक्टर-7 स्थित कल्याण कॉलेज में एनिमल केयर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें इंसानों से लेकर प्राणियों के लिए फर्स्ट एड की महत्ता के बारे में बताया गया। फर्स्ट एड के कई पहलुओं से प्रैक्टिकल करके सिखाया गया। कॉलेज के प्राणीशास्त्र विभाग और एनिमल वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में फर्स्ट एड सिखा विषय पर कार्यशाला आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को आपातकालीन परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार कि व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शोधार्थी, प्राध्यापक और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.अजय पटेल और पीपल फॉर एनिमल्स के प्रोजेक्ट मैनेजर कुशल गजपाल ने विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार से जुड़ी महत्वपूर्ण तकनीकों की जानकारी दी।



### पशु-मानव दोनों के लिए फर्स्ट एड जरूरी

कॉलेज के प्राचार्य डॉ.विनय शर्मा ने विद्यार्थियों के लिए ऐसी व्यावहारिक कार्यशालाओं को बेहत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि आज के समय में हर विद्यार्थी को फर्स्ट एड का ज्ञान होना आवश्यक है, क्योंकि यह किसी की जान बचाने में सहायक सिद्ध हो सकता है। एनिमल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष पार्थ चंद्राकर ने कहा कि फर्स्ट एड केवल एक कौशल नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। यह कार्यशाला विद्यार्थियों को न केवल जागरूक बनाती है, बल्कि उन्हें समाज के प्रति संवेदनशील और उत्तरदायी नागरिक भी बनाती है। उपाध्यक्ष दीपिका ने विद्यार्थियों को सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। सचिव यश प्रदीप घोडके और कमलेश भोई ने कार्यक्रम के सफल संचालन एवं आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



### सही प्रतिक्रिया जीवन बचा सकती है

उन्होंने बताया कि दुर्घटना या आपात स्थिति में तत्काल सही प्रतिक्रिया जीवन बचा सकती है। घाव, रक्तस्राव, जलने, फ्रैक्चर जैसी स्थितियों में प्रारंभिक उपचार करने के तरीकों के बारे में बताया गया।

### विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण और सेवा के महत्व को समझा

कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से फर्स्ट एड तकनीकों को समझा और अभ्यास भी किया। इस सत्र ने विद्यार्थियों में सेवाभाव, जागरुकता और आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यार्थियों ने इस कार्यशाला को ज्ञानवर्धक, बहुपयोगी, जीवनोपयोगी और जीवन रक्षक अनुभव बताते हुए भविष्य में ऐसे और कार्यक्रमों की अपेक्षा की। कार्यशाला में प्राणीशास्त्र विभाग की अध्यक्ष डॉ.शिप्रा सिन्हा के नेतृत्व में गंगा साहू, दिपांशु तरम सहित विभाग के अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा। इस दौरान कॉमर्स फैकल्टी के हेड डॉ.सलीम अकील, साइंस फैकल्टी के हेड डॉ.गुणवंत चन्द्रौल, फिजिक्स डिपार्टमेंट की एचओडी डॉ.नीलम शुक्ला, बॉयोटेक्नालॉजी की हेड डॉ.सौम्या खरे, सीनियर फैकल्टी मेंबर डॉ.कविता वर्मा, डॉ.आरती मिश्रा की उपस्थिति रही।

## वार्डस्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट

# केपीएल सीजन-6 का वार्ड-16 ने जीता खिताब मिली नगद राशि



**दुर्ग।** ग्राम कोटनी में केपीएल सीजन 6 वार्ड स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। हर वर्ष होली मिलन समारोह के रूप में खेला जाता है। प्रतियोगिता का आयोजन दो रविवार को किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत कोटनी के सभी 19 वार्डों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। फाइनल मैच 7 ओवर का खेला गया, जिसमें वार्ड 12 की टीम 134 रन का बड़ा लक्ष्य दिया। पीछा करते हुए वार्ड 16 की टीम एक विकेट खोकर 135 रन बनाकर जीत हासिल की। सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल दिए गए। प्रथम आकर्षक पुरस्कार के रूप में 4001 रुपए महेंद्र नायकर शील्ड अनिल यादव द्वारा दी गई। मैन ऑफ द मैच हेमलाल चक्रधारी को दी गई। वहीं मैन ऑफ द सीरीज विरेन्द्र मडारे को दी। द्वितीय पुरस्कार वार्ड 12 के विजेता खिलाड़ियों को 3001 रुपए गन्नी निषाद भीष्म, पप्पू साहू द्वारा दी गई। तृतीय पुरस्कार वार्ड 13 की टीम विजेता रही। जिसमें 2001 रुपए सरपंच राम सिंह निषाद शील्ड समस्त महिला पंच द्वारा दी गई। चतुर्थ पुरस्कार वार्ड 17 की टीम विजेता रहे जिसमें 1001 रुपए ताम्रध्वज निषाद ने दी। इस अवसर पर ग्राम कोटनी सरपंच रामसिंह निषाद उपसरपंच देवेंद्र साहू पूर्व सरपंच मनोज साहू जिला निषाद समाज युवा अध्यक्ष बीरेंद्र कुमार निषाद ग्राम विकास समिति सदस्य धनीराम निषाद गिरधर यादव, अनिल यादव पंच महेंद्र रिगरी, निर्मला निषाद, पूर्णिमा निषाद, नरसिंह साहू, हेमंत विश्वकर्मा, मिथलेश रिगरी उपस्थित रहे। सरपंच राम सिंह निषाद ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अभा प्रतिनिधि सभा

# संत रविदास का जीवन समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत, स्वयंसेवक हुए शामिल



**भिलाई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा 2026 का आयोजन हरियाणा के समालखा स्थित माधव सृष्टि में हुआ। इस अवसर पर संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के वक्तव्य के वाचन के लिए दुर्ग जिले में जिला स्तर पर प्रतिनिधि सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला, नगर और खंड स्तर के पदाधिकारी, प्रांत स्तर के दायित्ववान कार्यकर्ता तथा दुर्ग जिले की विभिन्न शाखाओं के स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में प्रांत संपर्क प्रमुख संजय दुबे, विभाग कार्यवाह संजय पांडे तथा दुर्ग जिला के सह संघ चालक रामजी साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की संत परंपरा इस देश की अनमोल धरोहर है, जिसने समाज में भक्ति, समरसता और नैतिक जीवन मूल्यों का जागरण किया है।

इस अवसर पर संत शिरोमणि सद्गुरु रविदास के 650वें प्राकट्य वर्ष का उल्लेख करते हुए कहा गया कि संत रविदास का जीवन समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने गृहस्थ जीवन में रहते हुए भी साधु-संतों के प्रति श्रद्धा, दीन-हीनों के प्रति सेवा और श्रम की प्रतिष्ठा का संदेश दिया। उनका जीवन शुद्ध, सात्विक और पारदर्शी आचरण का आदर्श उदाहरण है।वक्ताओं ने कहा कि भारत के लंबे इतिहास में संत परंपरा ने समाज को एकजुट रखने, कुरीतियों को दूर करने और अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा दी है। आज के समय में जब समाज को जाति और वर्ग के आधार पर बांटने के प्रयास हो रहे हैं, तब संत रविदास के संदेश को समझना और उसे जीवन में उतारना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित स्वयंसेवकों ने समाज की एकात्मता, समरसता और राष्ट्र की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

## माताधाम मंदिर में महिलाओं ने की माता दुर्गा की षोडशोपचार पूजा

# अखंड सुहाग और संतानों की दीर्घायु के लिए कुमकुम पूजा, देवी के 108 नामों का पाठ कर किया श्रृंगार

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** सेक्टर 7 स्थित माताधाम मंदिर में मंगलवार को मां मंकिनम्मा जनकल्याण सेवासमिति के तत्वावधान में महिलाओं ने अखंड सुहाग और संतानों की दीर्घायु के लिए सुबह कुमकुम पूजा की। इससे पहले पंडित साईं प्रसाद शर्मा के नेतृत्व में माताओं दुर्गा, मंकिनम्मा और राजराजेश्वरी का विशेष रूप से श्रृंगार कर आरती की गई। उसके बाद मुख्य कलश को पूजा स्थल पर दुर्गा माता के समक्ष स्थापित कर घट पूजा की गई। घट पूजा के दौरान पंडित ने माता दुर्गा की षोडशोपचार पूजा कर दुर्गा अष्टोत्तर शतनाम स्तोत्र का पठन किया। जिसमें देवी भगवती के 108 नामों का पाठ किया गया, ऐसी मान्यता है कि इस स्तोत्र के श्रवण से देवी भगवती उस व्यक्ति पर प्रसन्न हो जाती हैं और उसका कल्याण करती हैं।





### सनातन विधि से की कुमकुम पूजा

कुमकुम पूजा के लिए महिलाओं ने श्रद्धाभाव से पूजा की थाली में अक्षत, कलश और उसके ऊपर श्रीफल, कुमकुम और हल्दी से निर्मित भगवान गणेश की प्रतीकात्मक प्रतिमा रखकर माता से अखंड सुहाग तथा संतानों की दीर्घायु की कामना की। हिंदू मान्यता के अनुसार पूजा के अलावा मांगलिक कार्यों में भी कुमकुम का विशेष महत्व है। इसलिए पूजा की थाली में यह सबसे जरूरी सामग्रियों में से एक है। इसका लाल रंग प्रेम, उत्साह, उमंग, साहस और शौर्य का प्रतीक है, साथ ही साथ पति-पत्नी के बीच प्रेम का संचार भी करता है। इसलिए सुहागिनें थाली में कुमकुम रखना नहीं भूलतीं।

### नवमी को ज्योत-जंवारा विसर्जन

कुमकुम पूजा के उपरांत दोपहर को महिलाओं ने भोग ग्रहण किया। शाम को संध्या आरती की गई और उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। सेवासमिति के अध्यक्ष नीलम चन्ना केशवलु ने बाकी दिनों के कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को सुबह हर दिन की तरह माताओं का श्रृंगार कर पूजा अर्चना की जाएगी और शाम को माताओं को छप्पन भोग लगाया जाएगा। अष्टमी को सुबह नित्य की भांति पूजा और शाम को महा आरती जाएगी। अंतिम दिन सुबह रामनवमी पूजा होगी तथा दोपहर को कन्या पूजन के बाद कन्या भोग होगा और संध्या को ज्योत जंवारा विसर्जन होगा।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राइट्स, यूआरएम और ब्लास्ट फर्नेस ने जीते अपने-अपने मैच



**भिलाई।** बीएसपी फ्रेंड्स क्लब द्वारा आयोजित फ्रेंड्स कप प्रो-सॉफ्टबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत मंगलवार को शानदार मुकाबले हुए। पहला मैच राइट्स ने ओए के विरुद्ध 7 विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच अंकित सिंह रहे। दूसरे मैच में यू आर एम ने टी एन डी एवं सर्विसेस को 57 रन से हराया। प्लेयर ऑफ द मैच मुकेश रहे। तीसरे मैच में यूआरएम (आर) को ब्लास्ट फर्नेस ने 5 विकेट से हराया। प्लेयर ऑफ द मैच अश्वनी सिंह रहे। अंपायर विकास नेहरा, विवेक सिंघम, अभय यादव, विनय एवं संजय स्कोरर विनोद देवघरे, अनिल सिंह, महेंद्र व मिथुन थे। उल्लेखनीय है कि बीएसपी फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित फ्रेंड्स ट्रॉफी प्रो सॉफ्ट बाल क्रिकेट प्रतियोगिता बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 1 में जारी है। इस प्रतियोगिता में चार पूल बनाए गए हैं। प्रत्येक पूल में चार टीम में रखी गई है। इस प्रकार कुल 16 टीम में भाग ले रही है। प्रतियोगिता लीग कम नॉकआउट पद्धति पर आधारित है। यह प्रतियोगिता 23 मार्च से 30 मार्च तक आयोजित है। प्रतियोगिता 10-10 ओवरों की खेली जाएगी। पूल ए में सीआईएसएफ, कोक ओवन एवं सीसीडी की संयुक्त टीम, मेडिकल एवं यू आर पूल बी में यू आर एम एवं एसपी 3 और सर्विसेज है। पूल सी में ब्लास्ट फर्नेस एवं प्लेट मिल की संयुक्त टीम बीआरएम, यू आरएम एवं जीआर 11, पूल डी में राइट्स, पीबीएस, एसएमएस-2 एवं 3 की संयुक्त टीम शामिल हैं।

### डी एम सी प्रीमियर लीग में नरसिम्हा पावर हीटर कुम्हारी विजेता



**कुम्हारी।** डी एम सी प्रीमियर लीग कुम्हारी का फाइनल मैच नरसिम्हा पावर हीटर और सीजे टाइटन में मध्य खेला गया। जिसमे नरसिम्हा पावर हीटर कुम्हारी ने 17 रनों से जीत हासिल की। करण कुमार 36 रन बनाकर मेन ऑफ द मैच रहे। इस लीग मैच में कुल 6 टीमों ने हिस्सा लिया था। विगत 6 वर्षों से लगातार इस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। मैच में कमेंट्री उमेश ने की और कार्यक्रम का संचालन इमरान रिज़वी ने किया। इस पूरे आयोजन में वेद प्रकाश साहू, रवि वाधवानी, डॉ टिकेंद्र पटेल, दीपक गोस्वामी, पूर्व पार्षद राजू राव, आलोक सिंह, निज़ाम, राजू मंडल, राकेश, राजेश, शुभम, मनीष, विपुल दुबे, निरंजन, चमन, हितेश , सुमित खोड़ियार और देवाशीष का प्रमुख योगदान रहा।

### एलिट ग्रुप में शानदार मुकाबले




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रथम सेमीफाइनल के दूसरे दिन शानदार मुकाबले हुए। आरडीसीए रायपुर में हुए मैच में बल्लेबाजी करते हुए रायपुर ब्लू की टीम पहली पारी 496 रन पर आउट हो गई। आशीष डेहरिया ने 142 रन, प्रतीक यादव ने 69 रन और मोहम्मद फैज खान ने 62 रन बनाए। गेंदबाजी में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के दिवाकर ताम्रकार ने तीन, अमन मिश्रा और चिन्मय विश्वकर्मा ने दो-दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में बीसीए ने पहली पारी में एक विकेट पर 42 रन बनाए। न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम रायपुर के विरुद्ध प्लेट कंबाइंड टीम पहली-पारी में 127 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में रायपुर टीम पहली पारी में 168 रन पर आउट हो गई। ऋषि शर्मा ने 60, आलोक साहू 41 और गगनदीप सिंह ने 34 रन बनाए। गेंदबाजी में प्लेट कंबाइंड के शशांक तिवारी ने 6 और श्याम सुंदरम ने दो विकेट लिए बल्लेबाजी में ब्रेड कंबाइंड ने दूसरी पारी 4 विकेट पर 92 रन बनाए। इसके पहले 23 मार्च को चौथे दिन शानदार मुकाबले हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम बीएसपी विरुद्ध रायपुर ब्लू में बीएसपी ने 364 रन से मैच जीता एवं 6 अंक प्राप्त किए। बल्लेबाजी में बीएसपी ने दूसरी पारी अपने 22 मार्च के स्कोर 6 विकेट पर 151 रन से आगे खेलते हुए 8 विकेट पर 309 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। अमनदीप खरे ने 89 रन एवं पियूष पिल्लै ने नॉट आउट 57 रन बनाए। बल्लेबाजी में रायपुर ब्लू दूसरी पारी 81 रन पर आउट हुई। गेंदबाजी बीएसपी मनराज सिंह ढिल्लन ने 8 विकेट एवं जीवेश बुट्टे ने दो विकेट लिए। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में टीम बिलासपुर विरुद्ध जांजगीर चांपा के मैच में बिलासपुर ने यह मैच 273 रन से जीता एवं 6 अंक प्राप्त किए। बल्लेबाजी में जांजगीर चांपा टीम दूसरी पारी में 5 विकेट पर 54 रनो से आगे खेलते हुए 200 रन बनाकर आउट हो गई।

सोशल एंग्जाइटी डिसऑर्डर आज एक आम समस्या होते जा रही, निदान जरूरी

# अनजान लोगों से बातचीत में लगता है डर और कांपने लगते हैं हाथ-पैर, कहीं आप इस कमी के शिकार तो नहीं

सोशल एंग्जाइटी डिसऑर्डर यानि एसएडी एक मानसिक स्वास्थ्य स्थिति है जिसमें व्यक्ति को सामाजिक परिस्थितियों जैसे लोगों के सामने बोलना, नई जगह जाना या किसी से बातचीत करने से डर लगता है। उसे लगता है कि लोग उसे जज करेंगे या उसका मजाक उड़ाएंगे।

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए शारीरिक और मानसिक दोनों तरह की सेहत पर ध्यान देते रहना जरूरी हो जाता है। अक्सर हम सभी अपनी शारीरिक सेहत पर तो ध्यान दे लेते हैं, पर मेंटल हेल्थ को अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है।

मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि काम के बढ़ते दबाव, सोशल मीडिया पर लोगों से अपनी तुलना, असुरक्षा की भावना और अकेलेपन के कारण स्ट्रेस और एंग्जाइटी की समस्या सभी उम्र के लोगों में बढ़ती जा रही है। रिपोर्ट में पहले ही बताया था कि अकेलापन किस तरह से गंभीर बीमारियों, यहां तक कि कैंसर के खतरे तक को बढ़ाने वाला हो सकता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन डब्ल्यूएचओ के अनुसार दुनियाभर में करोड़ों लोग एंग्जाइटी डिसऑर्डर से जूझ रहे हैं। कई मामलों में डर और चिंता इतनी बढ़ जाती है कि रोजमर्रा की जिंदगी, पढ़ाई, नौकरी या रिश्तों



पर असर डालने लगती है। सैड यानी सोशल एंग्जाइटी डिसऑर्डर भी ऐसी ही समस्या है जिसका खतरा युवाओं में काफी तेजी से बढ़ता देखा जा रहा है।

### सोशल एंग्जाइटी डिसऑर्डर के बारे में जानिए



सोशल एंग्जाइटी डिसऑर्डर या सोशल फोबिया ऐसी समस्या है जिसकी अक्सर लोगों में पहचान ही नहीं हो पाती है। इस समस्या के शिकार लोगों को अनजान लोगों से बात करने, नई जगह जाने या लोगों से मिलने में डर लगने लगता है। अक्सर लोग इसे शर्मीलापन समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, हालांकि कुछ लोगों में ये समस्या इतनी बढ़ सकती है कि इसका असर उनके दैनिक जीवन को भी प्रभावित करने लग जाता है।

सोशल एंग्जाइटी डिसऑर्डर को विशेषज्ञ मानसिक स्वास्थ्य स्थिति मानते हैं, जिसकी पहचान और इलाज जरूरी है। इस डिसऑर्डर के कारण रोगी को लगने लगता है कि लोग उसे जज करेंगे या उसका मजाक उड़ाएंगे। अमेरिकन साइकियाट्रिक एसोसिएशन की गाइडलाइन यह डर अगर छह महीने तक बना रहे और दैनिक जीवन को प्रभावित करने लगे तो इसे डिसऑर्डर माना जाता है।

### कैसे की जाती है इस डिसऑर्डर की पहचान?

सोशल एंग्जाइटी डिसऑर्डर के कारण आपको कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं, जिसका असर सामाजिक जीवन पर भी पड़ने लग जाता है। ऐसी स्थितियों से डर लगना जहां आपका नकारात्मक रूप से मूल्यांकन हो सकता है शर्मिंदा या अपमानित महसूस करने की चिंता। अजनबियों से बातचीत करने में डर लगना। यह भी डर रहना कि दूसरे लोग भांप लेंगे कि आप घबराए हुए दिख रहे हैं। इसमें शारीरिक लक्षण भी हो



सकते हैं जैसे कि दूसरों से बातचीत में चेहरा लाल होना, पसीना आना, कांपना या आवाज का लड़खड़ाना। ऐसी स्थितियों से बचना जहां आप सबकी नजरों में हो सकते हैं।

### ये दिक्कत होती क्यों है?

अध्ययनों से पता चलता है कि सोशल एंग्जाइटी डिसऑर्डर के लिए कई जेनेटिक फैक्टर, बचपन का ट्रॉमा, अत्यधिक आलोचना और दिमाग में सेरोटोनिन हार्मोन का असंतुलन होना एक कारण हो सकता है। अगर आपके माता-पिता या भाई-बहनों को यह समस्या है, तो आपको भी सोशल एंग्जायटी डिसऑर्डर होने का खतरा बढ़ जाता है। जिन बच्चों को चिढ़ाया जाता है, तंग किया जाता है और सामाजिक रूप से अक्सर नकारा जाता है, उनमें भी खतरा अधिक होता है।



# हर बच्चा चाहता है कुछ जरूरी बदलाव अपने माता-पिता में

बच्चे चाहते हैं कि उनके मम्मी-पापा में अधिक धैर्य, समझ, प्रोत्साहन और उनके प्रति भरोसा हो। आइए जानते हैं आपके बच्चे के मन की बात। बच्चे अपने पापा और मम्मी में क्या बदलाव चाहते हैं।

जेनरेशन गैप यानी दो पीढ़ियों के बीच का अंतर अभिभावक और बच्चों के बीच समझ, व्यवहार, जिम्मेदारी और रहन-सहन में भिन्नता लाता है। ऐसे में बच्चों और अभिभावकों के बीच समझ, भरोसा और विचार को लेकर टकराव हो सकता है। आपका बच्चा आपसे बहुत प्यार करता हो, तब भी वह कुछ बदलावों की उम्मीद आप से भी रखता है। हालांकि बच्चे खुलकर ये बात कह नहीं पाते लेकिन मन ही मन में वह ये चाहते हैं कि उनके अभिभावक में कुछ बदलाव हों ताकि उनका अपने माता-पिता से रिश्ता मजबूत हो सके और उनका परिवार खुशहाल बने। बच्चे चाहते हैं कि उनके मम्मी-पापा में अधिक धैर्य, समझ, प्रोत्साहन और उनके प्रति भरोसा हो। आइए जानते हैं आपके बच्चे के मन की बात। बच्चे अपने पापा और मम्मी में क्या बदलाव चाहते हैं।



### माता-पिता संग अधिक समय बिताना

बच्चे माता पिता के साथ अधिक समय बिताना काफी पसंद करते हैं, जहां उनके बीच अच्छी बातचीत हो। वह लोग साथ में मिलकर खेलें। बच्चा चाहता है कि माता पिता उसके विचारों व भावनाओं में वास्तविक रूचि रखें।

### अधिक धैर्य रखें

बच्चे चाहते हैं कि उनके माता-पिता अधिक धैर्यवान हों। बिना बीच में टोके ध्यान से उनकी बात सुनें और तुरंत निराशा या आलोचना के साथ प्रतिक्रिया किए बिना उनकी कठिनाइयों को समझें।

### पढ़ाई पर कम दबाव

अधिकांश बच्चे पढ़ाई और खेलने के समय का संतुलन चाहते हैं। वह पढ़ाई के साथ ही अन्य गतिविधियों में रूचि रखथे हैं और वह ये उम्मीद करते हैं कि उनके माता-पिता केवल उपलब्धियों और ग्रेड पर ही ध्यान केंद्रित न करें बल्कि बच्चे के लिए समग्र रूप से सीखने पर फोकस करें।

### भरोसा करें बच्चों पर


बच्चे चाहते हैं कि उनके माता पिता छोटे-मोटे फैसलों को लेकर उनपर भरोसा करें ताकि वे अपने शौक, रुचियों और स्वतंत्रता के बारे में बिना किसी रोक टोक या नियंत्रण के सीख सकें।

### उनके विचारों का सम्मान

बच्चे मन ही मन चाहते हैं कि उनके माता-पिता उनकी राय का सम्मान करें ताकि वे बिना किसी चिंता के खुलकर संवाद कर सकें। उन्हें इस बात का डर न हो कि अपनी बात रखने पर अभिभावक तुरंत उनकी आलोचना करने लगेंगे या उनकी बात को अस्वीकार कर देंगे।



# चैत्र नवरात्रि के दौरान जरूर करें खरीदी, घर में आएगी खुशहाली



हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि में कुछ चीजें ऐसी हैं, जिसे खरीदना शुभ माना जाता है। अब ऐसे में इस दौरान किन चीजों की खरीदारी करना शुभ माना जाता है। इसके बारे में विस्तार से जानते हैं। चैत्र नवरात्रि का त्योहार नौ दिनों तक चलता है और इस दौरान मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। चैत्र नवरात्रि में खरीदारी करना शुभ माना जाता है। चैत्र नवरात्रि को किसी भी नए काम की शुरुआत के लिए बेहद शुभ माना जाता है। चैत्र नवरात्रि के दौरान सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। अब ऐसे में चैत्र नवरात्रि के दौरान कुछ ऐसी चीजें हैं, जिसे खरीदने से व्यक्ति के जीवन में खुशियों का आगमन हो सकता है।

### मिट्टी का कलश

नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना की जाती है, जिसके लिए मिट्टी के कलश का उपयोग किया जाता है। मिट्टी के कलश को शुद्ध और पवित्र माना जाता है, इसलिए इसका उपयोग शुभ कार्यों में किया जाता है। ज्योतिष शास्त्र में मिट्टी के बर्तन को समृद्धि का कारक माना गया है। इसलिए मां दुर्गा की पूजा के लिए मिट्टी के बर्तन ही खरीदें।

### चांदी का सिक्का

चैत्र नवरात्रि के दौरान चांदी का सिक्का खरीदना बेहद शुभ माना जाता है। नवरात्रि में चांदी का सिक्का खरीदने से घर में सुख-समृद्धि और धन का आगमन होता है। नवरात्रि में चांदी का सिक्का खरीदने से सौभाग्य बढ़ता है और जीवन में सकारात्मक बदलाव आते हैं। चांदी के सिक्के को नवरात्रि पूजा में रखना शुभ माना जाता है। इससे देवी दुर्गा की कृपा प्राप्त होती है।

### चैत्र नवरात्रि के दौरान खरीदें जौ

जौ को सृष्टि की पहली फसल माना जाता है, इसलिए इसे पूजा में शामिल करना शुभ माना जाता है। नवरात्रि में जौ बोने से देवी दुर्गा प्रसन्न होती हैं और भक्तों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देती हैं।

### चैत्र नवरात्रि के दौरान खरीदें पीले चावल

पीले चावल को शुभता और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। नवरात्रि में इनका उपयोग देवी दुर्गा की पूजा में किया जाता है, जिससे घर में सुख-शांति और समृद्धि आती है। पीले चावल का उपयोग देवी-देवताओं को आमंत्रित करने के लिए किया जाता है। माना जाता है कि पीले चावल अर्पित करने से देवी-देवता प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं।

### चैत्र नवरात्रि के दौरान खरीदें श्रृंगार का सामान

नवरात्रि में सोलह श्रृंगार का सामान खरीदने और मां दुर्गा को अर्पित करने से सौभाग्य में वृद्धि होती है और घर में सुख-समृद्धि आती है।



# बाजार जैसे गोलगप्पे का चटपटा पानी बनाएं घर पर

अगर बाजार जैसे स्वाद वाला चटपटा गोलगप्पे का पानी घर पर बनाना चाहती हैं लेकिन वैसा स्वाद नहीं आ पा रहा है तो इस विधि से गोलगप्पे के पानी को खट्टा-तीखा स्वाद दें।

गोलगप्पे का पानी बनाने के लिए सामग्री में पुदीना, धनिया, अदरक, हरी मिर्च, इमली का पानी या आम की सूखी खटाई, भुना जीरा, लाल मिर्च पाउडर,चाट मसाला, नींबू का रस, हींग, नमक और पानी लें।

गोलगप्पे का पानी बनाने के लिए पुदीना, धनिया, हरी मिर्च और अदरक के टुकड़े को एक साथ मिलाकर अच्छी तरह से पीस लें। स्वच्छ पानी में भुना जीरा, काला नमक, लाल मिर्च पाउडर, हींग, चाट मसाला मिलाएं। अब इसमें आधा नींबू का रस मिलाएं। साथ ही इमली का पानी या आम की खटाई का पानी भी मिलाएं। पिसी हुई सामग्री को पानी डालकर अच्छे से मिला लें। खट्टा-मीठा स्वादिष्ट गोलगप्पे का पानी तैयार हैं। चाहें तो पानी में थोड़ी सी बूंदी भी मिला सकते हैं।

कार्नर न्यूज

बहुत प्रभावशाली और सस्ती सिद्ध होती हैं बायोसिमिलर दवाएं

# बायोसिमिलर दवाओं के इस्तेमाल को बढ़ावा देना जरूरी, जिससे कम हो सके इलाज का खर्च

भारत में करोड़ों लोगों को अपने घरेलू खर्च का बहुत बड़ा हिस्सा पारिवारिक बीमारियों के इलाज में खर्च करना पड़ता है, उनके बजट का कभी-कभी तो 50 से 70% तक का हिस्सा अस्पतालों और दवाइयों के चक्कर में खर्च हो जाता है। इसके कारण देश में 3 से 4 करोड़ लोग सालाना गरीबी रेखा के जाल में फंस जाते हैं। कई बार तो इन गरीब परिवारों के बच्चों की पढ़ाई और रहन-सहन आदि पर भी बहुत दुष्प्रभाव पड़ता है।

इस संबंध में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र कुमार बताते हैं कि-बढ़ती बीमारियों में ज्यादा किफायती इलाज के लिए प्रभावी उपायों की जरूरत है। इस संबंध में बायोसिमिलर दवाएं बहुत प्रभावशाली और सस्ती सिद्व होती हैं जो सुरक्षा और प्रभावशीलता में आम बायोलोजिक्स की दवाओं से कोई विशेषतः भिन्न नहीं होती और इसके जांच के लिए भी कड़े मानक बनाए हुए हैं।

यदि आम भाषा में कहा जाए, बायोलोजिक्स की दवाएं वही होती हैं जो बड़ी-बड़ी कंपनियों द्वारा बनाई जाती हैं और पेटेन्ट द्वारा सुरक्षित होती हैं। अक्सर इनकी कीमत काफी ज्यादा



होती है, परन्तु एक बार पेटेन्ट समाप्त होने के बाद इन्हें उसी प्रकार की गुणवत्ता के अनुरूप बायोसिमिलर प्रणाली से बनाया जा सकता है।

### बायोसिमिलर दवाइयां और इनका लाभ

बायोसिमिलर दवाइयां तकरीबन वैसी ही होती हैं जैसी मूलतः बायोलोजिक दवाइयां, और उनका फायदा भी वैसा ही होता है, अलबत्ता उन्हें क्वालिफाइड डॉक्टरों की सलाह पर ही देना चाहिए। इस समय देश में लगभग 100 बायोसिमिलर दवाओं के उत्पादन को स्वीकृति मिल चुकी है और हमारा देश दुनिया में बायोसिमिलर दवाओं के उत्पादन में अग्रणी है।

एक अनुमान के अनुसार देश में 118 बायोलोजिक्स की ऐसी दवाएं हैं जिनका पेटेन्ट 2015 से 2034 के बीच समाप्त हो रहा है। लेकिन उनमें से केवल 10ः दवायें ऐसी हैं जिनका बायोसिमिलर प्रणाली में विकसित करने की योजना है। इस प्रकार कुल मिलाकर यह एक ऐसा स्वर्णिम अवसर है जिसके अन्दर हमारे यहां बहुत तेजी से बायोसिमिलर दवायें बनाई जा सकती हैं। इन दवाओं की कीमत अनुमानतः बायोलोजिक्स की संबंधित दवाओं से लगभग 50 से 75% तक कम हो सकती हैं जिससे आम आदमी के दवाओं के खर्च में काफी बचत हो सकती है।

यह बचत न सिर्फ भारत के आम लोगों के लिए लाभप्रद है बल्कि विश्व के अनेक देशो के लिए भी बहुत फायदेमंद है। भारत को दुनिया की फार्मेसी समझा जाता है जो इन देशों में अच्छी और



सस्ती दवायें भेजने के लिए जाना जाता है। यह सिर्फ अफ्रीका, लेटिन अमेरिका आदि देशों के लिए ही नहीं बल्कि धनी देशों के लिए भी अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

2022 में अमेरिका में भारतीय दवाओं की कंपनियों द्वारा 40% जेनेरिक दवाओं के निर्यात से वहां के हेल्थकेयर में 219 बिलियन डॉलर की अनुमानित बचत हुई थी। आज इसी प्रकार की बचत इन देशों में किफायती बायोसिमिलर दवाओं के निर्यात से भी हो सकती है।

### पेटेन्ट के रिन्यूवल का खेल समझिए

इस संबंध में एक समस्या यह है कि बड़ी-बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां जिनके पास दवाइयों के पेटेन्ट हैं, और जिनके आधार पर वे भारी मुनाफा कमाते हैं, उनका प्रयत्न होता है कि वें अपने पेटेन्ट को दवा के निर्माण में छोटी-मोटी तब्दीली करके रिन्यू करा लें, जिसे पेटेन्ट की एवरग्रीनिंग कहा जाता है। हमारी कोशिश यह रहती है कि पुराने पेटेन्ट को रिन्यू करने के लिए जब तक कोई नई दवा या उसमें कोई विशेष सुधार न हो, नए पेटेन्ट की अनुमति नहीं दी जाए। इसके फलस्वरूप कई बार इन कंपनियों द्वारा पेटेन्ट कानून के अर्न्तगत कानूनी दावपेंच भी आजमाये जाते हैं। इसके लिए यह भी जरूरी है कि इस बारे में पेटेन्ट के रिन्यूवल के मामलों में कड़ी दृष्टि रखी जाए।

